वर्ष 24, अंक 133, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश


www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 22 नवंबर 2025 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## दुबई एयरशो में बड़ा हादसा, भारत का तेजस फाइटर जेट क्रैश

### पायलट की मौत



**दुबई**
**दुबई** एयर शो में प्रदर्शन के दौरान शुक्रवार (21 नवंबर 2025) को भारत का एक तेजस लड़ाकू विमान क्रैश हो गया. इसमें सवार पायलट की मौत हो गई. वीडियो में नजर आ रहा है

कि आसमान में कलाबाजियां करते हुए तेजस विमान अचानक जमीन से टकरा गया और फिर जोरदार ब्लास्ट हुआ, जिसके बाद सिर्फ भीषण आग की लपटें उठती दिखी. आपातकालीन टीमें घटनास्थल पर पहुंच चुकी हैं.

अचानक कैसे क्रैश हो गया तेजस विमान?

यह घटना स्थानीय समय के अनुसार दोपहर 2:10 बजे हुई, जब हजारों दर्शक विमान के करतब देख रहे थे. हवा में मोड़ लेते समय अचानक पायलट ने स्वदेशी लड़ाकू विमान छउअ तेजस पर से नियंत्रण खो दिया और विमान तेजी से जमीन से टकरा गई. इस दुर्घटना के बाद दुबई एयर शो को अस्थाई तौर पर रोका गया है. भारतीय वायुसेना ने दुबई में तेजस विमान के क्रैश होने की पुष्टि की है. क्अक्र ने बताया, "दुबई एयर शो 2025 में भारतीय वायु सेना का एक तेजस विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है. फिलहाल आगे की जानकारी का पता लगाया जा रहा है."

4.5-जेनरेशन के विमान तेजस की खासियत

तेजस एक 4.5-जेनरेशन का मल्टी-रोल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट है, जिसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (ल्अछ) ने एयर-डिफेंस मिशन, ऑफेंसिव एयर सपोर्ट और क्लोज-कॉम्बैट ऑपरेशन करने के लिए बनाया है. यह अपनी क्लास के सबसे हल्के और सबसे छोटे फाइटर प्लेन में से एक माना जाता है. इसे जमीनी और समुद्री अभियानों के लिए भी डिजाइन किया गया है, जो इसे भारत का सबसे अनुकूल स्वदेशी प्लेटफार्मों में से एक बनाता है.

दूसरी बार सामने आया तेजस से जुड़ी दुर्घटना

यह तेजस विमान से जुड़ी दूसरी दुर्घटना है, पहली दुर्घटना 2024 में जैसलमेर के पास हुई थी. दुबई एयर शो हर दो साल में आयोजित होता है और इसे दुनिया के बड़े एयरोस्पेस कार्यक्रमों में से एक माना जाता है. इसमें 150 देशों के 1,500 से अधिक एक्जीबीटर और 1,48,000 से अधिक उद्योग विशेषज्ञ हिस्सा लेते हैं।

## एशिया कप सेमीफाइनल में हारा भारत, सुपर ओवर जीतकर फाइनल में पहुंचा बांग्लादेश




**नई दिल्ली**
**बांग्लादेश** ने सुपर ओवर तक चले सेमीफाइनल मैच में भारत को हरा दिया है. एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट के इस सेमीफाइनल मैच में बांग्लादेश और भारत, दोनों टीमों की पहली पारी 194 रनों पर समाप्त हुई. ऐसे में सुपर ओवर का सहारा लिया गया. भारतीय बल्लेबाज सुपर ओवर की पहली दोनों गेंदों पर आउट हो गए थे. इस तरह बांग्लादेश को सुपर ओवर में सिर्फ एक रन बनाना था. दरअसल बांग्लादेश टीम ने बिना रन बनाए सुपर ओवर जीत लिया.

सुपर ओवर तक चला मैच

बांग्लादेश ने पहले खेलते हुए 194 रन बनाए थे. आखिरी 2 ओवरों में बांग्लादेशी बल्लेबाजों ने 50 रन जड़ दिए थे. दूसरी ओर भारतीय बल्लेबाज भी पारी में 194 रन ही बना पाए.

सुपर ओवर आया तो पहली गेंद पर कप्तान जीतेश शर्मा और दूसरी गेंद पर आशुतोष शर्मा भी आउट हो गए.

## नीतीश कुमार ने सम्राट चौधरी को दे दिया गृह विभाग?



बिहार बीजेपी के एक्स हैंडल से शुक्रवार को एक लिस्ट शेयर की गई है. इसमें बीजेपी के 14 मंत्रियों के नाम और उसके सामने विभाग का नाम लिखा गया है.

**बिहार**
**बिहार** में नई सरकार के गठन के बाद 26 मंत्रियों ने शपथ ले ली है. अब मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा होना है. इस बीच शुक्रवार (21 नवंबर, 2025) को एक लिस्ट सामने आई है जिसमें बीजेपी के शपथ लेने वाले मंत्रियों और उनके विभाग का नाम लिखा हुआ है. इसमें हैरान करने वाली बात है कि सम्राट चौधरी के सामने गृह विभाग लिखा हुआ है.

दरअसल गृह विभाग मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास रहा है. अगर यह लिस्ट सही साबित हुई और इस पर मुहर लग गई तो पहली बार होगा कि नीतीश कुमार के पास यह विभाग नहीं रहेगा. क्योंकि यह विभाग ऐसा है जिसको कभी नीतीश कुमार छोड़ना नहीं चाहते हैं.

बिहार बीजेपी की ओर से मंत्रियों को दी गई बधाई

बिहार बीजेपी के एक्स हैंडल से एक लिस्ट शेयर की गई है. इसमें 14 मंत्रियों के नाम और उसके सामने विभाग का नाम लिखा गया है. इन्हें बधाई दी गई है. पोस्ट में लिखा गया है, "बिहार के सभी नवनियुक्त माननीय मंत्रीगण को विभाग आवंटित होने की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं! जनसेवा के संकल्प के साथ कार्यभार संभालने वाले सभी माननीय मंत्रीगण आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में सुशासन और स्थिरता को नई दिशा देंगे."

बिहार के सभी नवनियुक्त माननीय मंत्रीगण को विभाग आवंटित होने की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं! जनसेवा के संकल्प के साथ कार्यभार संभालने वाले सभी माननीय मंत्रीगण आदरणीय लिस्ट को लेकर बीजेपी और जेडीयू ने क्या कहा?

इस लिस्ट को लेकर बीजेपी के प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने कहा कि यह सही है. फेक नहीं है. उन्होंने साफ कहा कि गृह विभाग सम्राट चौधरी को मिल रहा है.

उधर जेडीयू के एमएलसी और प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि यह जो अभी चल रहा है इस पर हम कंफर्म नहीं हैं. कोई ऑथेंटिक लेटर नहीं है, इसलिए इस पर हम कुछ नहीं कर सकते हैं।

## महिलाओं की नाइट शिफ्ट लगाने को योगी सरकार राजी



**उत्तर प्रदेश**
**उत्तर प्रदेश** में कामकाजी महिलाओं को लेकर योगी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है. दरअसल उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने महिलाओं को नाइट शिफ्ट में काम करने की अनुमति दे दी है. यह नया नियम लागू होने के बाद अब राज्य में लाखों महिलाएं नाइट शिफ्ट में भी काम कर सकेगी. इस नए नियम को लेकर सरकार का दावा है कि यह कदम महिलाओं की आय बढ़ाने] रोजगार के नए अवसर खोलने और कार्यस्थल पर सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में बड़ा सुधार है. ऐसे में चलिए आज हम आपको बताते हैं कि उत्तर प्रदेश में अब महिलाओं की नाइट शिफ्ट में क्या टाइमिंग रहेगी और योगी सरकार का यह पूरा फैसला क्या है.

क्या रहेगा नाइट शिफ्ट का टाइम?

नए नियमों के अनुसार उत्तर प्रदेश में महिलाओं की नाइट शिफ्ट का समय शाम 7 बजे से सुबह 6 बजे तक तय किया गया है. पहले यह समय रात 9 बजे से सुबह 6 बजे तक था जिसे बदलकर ज्यादा फ्लेक्सिबल बना दिया गया है. हालांकि नाइट शिफ्ट में काम करने से पहले महिला कर्मचारी की सहमति लेना भी अनिवार्य किया गया है.

योगी सरकार ने तय की सुरक्षा और सुविधाओं के नियम

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने साफ कहा है कि नियोक्ताओं को नाइट शिफ्ट करने वाली महिलाओं की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक इंतजाम करने होंगे. इन इंतजामों में कार्यस्थल पर सीसीटीवी से निगरानी, महिला सुरक्षा गार्ड्स की तैनाती, नाइट शिफ्ट के लिए परिवहन की सुविधा, हेल्थ और आराम जैसी सुविधाएं भी महिलाओं को देनी होगी. इसके साथ ही सेफ सिटी प्रोजेक्ट, 1090 वूमेन पावर लाइन, 112 हेल्पलाइन और एंटी रोमियो स्क्वायड जैसी व्यवस्थाओं को भी मजबूत किया जा रहा है ।

## भाषा युद्ध या विकास का मुद्दा? अन्नामलाई ने स्टालिन के आरोपों पर उठाए सवाल



**तमिलनाडु**
**भाजपा** नेता के अन्नामलाई ने शुक्रवार को तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन द्वारा संस्कृत को मृत भाषा कहने की आलोचना करते हुए कहा कि द्रमुक सरकार भाषा पर बहस छेड़कर विकास और सुशासन जैसे वास्तविक मुद्दों से बच रही है। अन्नामलाई ने कहा कि संस्कृत को ज्यादा धन सिर्फ.इसलिए मिलता है क्योंकि भारत में तमिल विश्वविद्यालयों की तुलना में संस्कृत विश्वविद्यालय ज्यादा हैं, इसलिए नहीं कि सरकार इसे विशेष वरीयता देती है।

चेन्नई में पत्रकारों से बात करते हुए, के अन्नामलाई ने कहा कि तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन को यह समझने की जरूरत है कि हमारे देश में कोई भी किसी भी भाषा को अतिरिक्त धन नहीं देता... यूपीए शासन के दौरान हमारे देश में संस्कृत विश्वविद्यालयों और तमिल विश्वविद्यालयों की संख्या पर नजर डालें। हमारे देश में संस्कृत विश्वविद्यालयों की संख्या तमिल विश्वविद्यालयों से ज्यादा है। इसलिए, जाहिर है, संस्कृत विश्वविद्यालयों को उस भाषा को बढ़ावा देने के लिए ज्यादा धन मिलता है। उन्होंने कहा कि इसलिए हमने तमिलनाडु सरकार से अनुरोध किया है कि वह हमारे देश में और तमिल विश्वविद्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव रखे।

## अब कितने दिनों तक बिल रोक पाएंगे राज्यपाल?

### राज्यों की राजनीति बदल देने वाला 'सुप्रीम' फैसला



**नई दिल्ली**
लोकतंत्र की सब अपने-अपने तरीके से व्याख्या करते हैं और गजब बात ये है कि उन्हें अपनी व्याख्या सबसे सटीक भी जान पड़ती है। कोई सामने वाले को लोकतंत्र के लिए खतरा बताता है तो कोई अपने विपक्षी के लिए कहता है कि इतना अहंकार भी ठीक नहीं। लेकिन लोकतंत्र और इससे भी बढ़कर संविधान की व्याख्या का काम हर किसी का नहीं है। संविधान निमार्ताओं ने यह काम देश की सबसे बड़ी अदालत यानी कि सुप्रीम कोर्ट को सौंप रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने वही किया। राज्य सरकार और राज्यपाल के बीच अधिकारों की लड़ाई पर एक निर्णायक फैसला सुना दिया।

पूरे मामले की शुरूआत तमिलनाडु की स्टालिन सरकार और वहां के राज्यपाल एन रवि के बीच अधिकारों की खींचतान के झगड़े से शुरू हुई थी और इसी सिलसिले में 20 नवंबर को कोर्ट का फैसला आया। कहा गया कि राज्यपाल विधानसभा से पास विधेयकों को अनिश्चितकाल तक नहीं रोक सकते। स्पष्ट है कि यह फैसला सिर्फ तमिलनाडु नहीं बल्कि कई अन्य राज्यों में भी सरकार और राज्यपाल वाली खींचतान में निर्णायक साबित होगा। राज्यपालों की संवैधानिक शक्तियों पर यह फैसला सीजीआई बीआर गवई समेत पांच सदस्य संविधान पीठ ने सुनाया। गवई के अलावा इस पीठ में जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रमनाथ, जस्टिस पी एस नरसिम्हा और जस्टिस चंद्रचोड़कर शामिल थे। संविधान पीठ यानी सुप्रीम कोर्ट की वो पीठ, वो बैंक जिसमें कम से कम पांच न्यायाधीश होते हैं और यह पीठ संविधान की व्याख्या मांगते कानूनी सवालों पर अपना मत देती है।

## केंद्र की नीतियों से मक्का किसान परेशान: सिद्धारमैया का आरोप, एमएसपी पर खरीद नहीं





**कर्नाटक**
**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार स्थापित नियमों के अनुसार मक्का नहीं खरीद रही है, जिससे किसान संकट में हैं। मुख्यमंत्री ने को एक बयान में कहा कि मैंने मक्के पर एक बैठक की है। मक्के के लिए खरीद केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए। किसानों ने खरीद केंद्र खोलने की मांग की है। इसलिए, हमने किसानों के साथ बैठक की है। केंद्र ने 70 लाख मीट्रिक टन मक्का आयात किया है। इससे किसान प्रभावित हुए हैं। केंद्र सरकार नियमों के अनुसार मक्का नहीं खरीद रही है।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि राज्य सरकार ने अधिकारियों और मंत्रियों को किसानों को न्याय दिलाने के निर्देश दिए हैं। एक खरीद केंद्र स्थापित किया जाना चाहिए। मैं केंद्र सरकार को एक पत्र लिखकर उनसे कहीं और से आयात न करने का अनुरोध भी करूँगा। सरकार मक्के की समस्या के समाधान के लिए कार्रवाई करेगी। उत्तरी कर्नाटक के मक्का किसान मक्का खरीद केंद्र खोलने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

पर एक पोस्ट में, सिद्धारमैया ने कहा कि कर्नाटक को मक्का से इथेनॉल उत्पादन के लिए आवंटित कोटा बेहद कम है, जिसके कारण डिस्टिलरी द्वारा खरीद कम हो रही है।

## व्यापार करने में आसानी, श्रमिकों को अधिकार: नई श्रम संहिताओं के लागू होने पर पीएम मोदी का भरोसा




**नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को जोर देकर कहा कि आज से लागू होने वाले चार नए श्रम संहिताएँ सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करेंगे और श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करेंगे। वेतन संहिता, 2019, औद्योगिक संबंध संहिता, 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशा संहिता, 2020 आज से लागू होने वाले हैं।

प्रधानमंत्री ने पर पोस्ट किया कि श्रमेव जयते! आज हमारी सरकार ने चार श्रम संहिताओं को लागू कर दिया है। यह आजादी के बाद से सबसे व्यापक और प्रगतिशील श्रम-उन्मुख सुधारों में से एक है। यह हमारे श्रमिकों को काफी सशक्त बनाता है।

यह अनुपालन को काफी सरल बनाता है और 'व्यापार करने में आसानी' को बढ़ावा देता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि इन चार श्रम संहिताओं के कार्यान्वयन से न्यूनतम और समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित होगा, साथ ही सुरक्षित कार्यस्थल और लाभकारी अवसर, विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं के लिए, सुनिश्चित होंगे।

## दिल्ली ब्लास्ट की जांच से बड़ा खुलासा

### आतंकियों ने आटा चक्की को बना डाला था बम बनाने की मशीन, बना रहे थे खतरनाक पाउडर!

**नई दिल्ली**
**कश्मीर** से निकल कर फरीदाबाद पहुँच कर आतंकवाद को देश में फैलाने की साजिश रचने वाले डॉक्टरों से जुड़े मामलों में रोजाना ऐसे खुलासे हो रहे हैं जो चौंकाने वाले हैं। हम आपको बता दें कि फरीदाबाद के धौज गांव के एक साधारण से घर में आतंक का पाउडर बनाया जा रहा था। ये खुलासा दिल्ली कार ब्लास्ट मामले की जांच में हुआ है। डॉक्टर मुजम्मिल और उसके सहयोगी उमर उन नबी पर आरोप है कि उन्होंने एक आटा चक्की को केमिकल ग्राइंडर में बदलकर विस्फोटक तैयार करने की तैयारी की थी। पुलिस द्वारा बरामद तस्वीरें और मशीनरी इस बात का भयावह संकेत हैं कि आतंकी मॉड्यूल कितनी बारीकी से रोजमर्रा के उपकरणों का दुरुपयोग कर रहे थे।

आम तौर पर अनाज पीसने वाली चक्की ठोस पदार्थों को महीन पाउडर में बदल देती है और जांच अधिकारियों के अनुसार यही तकनीक रसायनों को विस्फोटक रूप में बदलने में प्रयुक्त की गई। इससे भी ज्यादा चिंताजनक है कि घटनास्थल से करीब 3,000 किलो अमोनियम नाइट्रेट और अन्य रसायन बरामद किए गए, जो बड़े पैमाने पर विस्फोटों की योजना की ओर संकेत करते हैं। हम आपको बता दें कि मुजम्मिल ने यह कमरा मात्र ?1,500 किराये पर लिया था और इसी कमरे से 2,600 किलो अतिरिक्त अमोनियम नाइट्रेट पहले ही बरामद हुआ था। दोनों आरोपियों



के अड्डों पर मिले डायरी और नोटबुक, जिनमें 8 से 12 नवंबर तक के तारीखों पर ह्ण्ह्मस्त्री१ ३ह्णल्लह्व शब्द बार-बार लिखा था, उससे स्पष्ट है कि कई हमलों की योजना बनाई जा रही थी। डायरी में 2,500 से अधिक नाम दर्ज पाए गए इनमें ज्यादातर जम्मू-कश्मीर, फरीदाबाद और आसपास के क्षेत्रों के हैं। हम आपको बता दें कि दोनों आरोपी 2021 के बाद अल-फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़े थे और जांच एजेंसियों के अनुसार यह पूरा मॉड्यूल पिछले दो वर्षों से सफेदपोश आवरण में संचालित था।

देखा जाये तो इस पूरे प्रकरण ने तीन बड़े सुरक्षा जोखिम उजागर किए हैं। पहला है आम उपकरणों का दुरुपयोग। आटा चक्की, गैस सिलेंडर, साधारण रसायन, यानि ऐसी चीजें जिन्हें कोई भी सामान्य घर में देख कर संदेह नहीं करेगा, मगर अब यह आतंकी हथियारों के रूप में इस्तेमाल की जा रही हैं।

# दिव्यांगजनों का मनोबल अत्यन्त सशक्त होता है : महापौर

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग एवं उत्तर प्रदेश मूक बधिर विद्यालय, प्रयागराज के सहयोग से उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज में आयोजित त्रिदिवसीय दिव्य कला एवं कौशल प्रदर्शनी के द्वितीय दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय महापौर, उमेश गणेश केशरवानी रहे। माननीय महापौर ने प्रदर्शनी के स्टालों का अवलोकन किया। महापौर जी द्वारा 50 दिव्यांग बालकों को श्रवण यंत्र एवं यूनिफार्म वितरित किया गया। महापौर जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि दिव्यांगजनों का मनोबल अत्यन्त सशक्त एवं मजबूत होता है। इस त्रिदिवसीय प्रदर्शनी में आयोजित कार्यशाला के व्याख्यान सत्र में विशिष्ट अतिथि डा० योगेन्द्र पाण्डेय, प्रोफेसर बी०एच०यू०, डा० निहार रंजन मिश्र, विभागाध्यक्ष, जगद्गुरू राम भद्राचार्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट एवं डा० संजय सिंह ने अपने विशय उद्यमशीलता एवं कौशल विकास, दिव्यांगों हेतु शैक्षिक नवाचार इत्यादि विषय पर व्याख्यान दिया गया। इस प्रदर्शनी के द्वितीय दिवस पर संस्थाओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर अभय कुमार




श्रीवास्तव, उपनिदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज, अशोक कुमार गौतम, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, प्रयागराज, डा० के०एन० मिश्र, प्रधानाचार्य उत्तर प्रदेश मूक बधिर विद्यालय, प्रयागराज, डा० प्रभाकर त्रिपाठी प्रवक्ता, संदेश मिश्र पाठ्यक्रम समन्वयक, विकास पाण्डेय, समेकित शिक्षा उपस्थित रहे।

# सदगुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट द्वारा कोरांव में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

### संतोष मेडिकेयर पांडे का मड़हा में पिंटू चौबे ने किया उद्घाटन

अखंड भारत संदेश

**पसना।** पांडेय का मडहा गांव में वार्ड 80 के अंतर्गत चांदी वाली नहर पर स्थित संतोष मेडिकेयर में एक विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय, चित्रकूट की ओर से किया गया, जिसमें समाजसेवी संतोष त्रिपाठी के क्लिनिक पर सेवाएं प्रदान की गईं।

शिविर में गांव सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। उन्हें निःशुल्क आंखों की जांच, दवाइयां और चश्मे प्रदान किए गए। कई मरीजों को आंखों के ऑपरेशन के लिए चित्रकूट स्थित सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय ले जाने हेतु बस की व्यवस्था भी की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला पंचायत सदस्य पिंटू चौबे उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में जीवन रेखा मेडिकेयर, कोरांव के डॉ. अनिल पांडेय और चर्चित समाजसेवी व जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी प्रमोद मिश्र पयासी शामिल थे। तीनों अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शिविर का विधिवत उद्घाटन किया।

मुख्य अतिथि पिंटू चौबे ने उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से क्षेत्रीय जनता को बहुत सहूलियत मिलती है और गरीबों को इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ता। उन्होंने आयोजक जितेंद्र शुक्ला को विशेष तौर पर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विशिष्ट अतिथि डॉ. अनिल पांडेय ने बताया कि सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय द्वारा पूरे कोरांव क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया जा रहा है। प्रमोद पयासी ने इस आयोजन को ₹असली मानव सेवा₹ और ₹असली राजनीति₹ बताया, जिससे सैकड़ों परिवारों को लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि इस कैंप से लोगों को आंखों के इलाज के लिए दूर का सफर नहीं करना पड़ा।

प्रमोद पयासी ने क्षेत्र से आए सभी सम्मानित जनता का स्वागत करते हुए आयोजक जितेंद्र शुक्ला के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जितेंद्र शुक्ला ने इस कार्य से 'मानव सेवा ही ईश्वर सेवा है' की एक बड़ी मिसाल पेश की है।

# सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक हुई संपन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक राजकीय मुद्रालय के श्रम हितकारी भवन में संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए जनपद अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद पांडे जी ने संगठन के प्रांतीय नेतृत्व से प्राप्त निदेशों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया कि आगामी 15 नवंबर को दोपहर 3:00बजे लघु सभा के पश्चात कैंडल मार्च करते हुए जिला अधिकारी महोदय को माननीय प्रधानमंत्री जी को संबोधित ज्ञापन प्रदान किया जाएगा जिसमें मुख्य रूप से इस बात के लिए अनुरोध किया गया है की आठवे वेतन आयोग के टर्म्स एंड रेफरेंस में पेंशनर को लगभग बाहर कर दिया गया है । जिससे पेंशनर्स में निराशा एवं रोष व्याप्त है इस बात का डर है कि आगे पेंशनर्स को महंगाई भत्ता एवं अन्य लाभ से वंचित कर दिया जाएगा । तत्पश्चात 15 दिसंबर को एक वृहद धरना का आयोजन किया जाएगा इसके बारे में जिला मंत्री



श्री संतलाल सोनकर जी ने आवाहन किया कि इन दोनों कार्यक्रम के लिए हमें तन मन धन से भागीदारी करना है। अन्य मुख्य वक्ताओं में 90 वर्षीय डॉ वी के श्रीवास्तव जी , सतीश पुरी अनिल यादव, राज बहादुर, जगदंबा ,भीम शंकर ,सुरेंद्र सिंह आदि रहे। आज श्रीमती गीता मजूमदार श्रीमती मंजू सिंह श्रीमती सरिता चौरसिया के अलावा अन्य दो सदस्यों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की।

# ठंड बढ़ते ही बीमारियों का खतरा दोगुना सतर्क रहें, सुरक्षित रहें : डॉ. प्रभाकर सिंह

### प्रज्ञा नर्सिंग होम के प्रबंधक डॉ. प्रभाकर सिंह ने शुरू किया स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** क्षेत्र में अचानक बढ़ रही ठंड और बदलते मौसम को देखते हुए प्रज्ञा नर्सिंग होम के प्रबंधक एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. प्रभाकर सिंह ने शुक्रवार को जनता के लिए स्वास्थ्य जागरूकता अभियान की शुरूआत की।उन्होंने लोगों को आगाह करते हुए कहा कि मौसम की लापरवाही गंभीर बीमारियों का कारण बन




सकती है, इसलिए सभी लोग अपनी सेहत को प्राथमिकता दें।डॉ. सिंह ने बताया कि सर्दियों में वायरल बुखार, खांसी-जुकाम, गले के संक्रमण, अस्थमा, न्यूमोनिया और सांस की तकलीफ के मामले तेजी से बढ़ जाते हैं।उन्होंने कहा कि सर्दी से बचाव ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। बीमारी बढ़ने का इंतजार न करें, शुरूआती लक्षण दिखते ही डॉक्टर से संपर्क करें। डॉ. सिंह ने जनता से अपील किया है कि गर्म कपड़ों का उपयोग अनिवार्य रूप से करें।धूप में समय बिताएं और गर्म पेय का सेवन बढ़ाएँ।बच्चों और बुजुर्गों को तापमान परिवर्तन से बचाएँ।किसी भी तरह की खांसी, जुकाम या बुखार को नजरअंदाज न करें। आवश्यकता पड़ने पर तुरंत चिकित्सकीय जांच कराएँ।डॉ. प्रभाकर सिंह ने बताया कि प्रज्ञा नर्सिंग होम में सर्दी-जुकाम, वायरल बुखार, सांस की तकलीफ, बच्चों-बुजुर्गों की बीमारियों तथा इमरजेंसी सेवाओं की पूरी व्यवस्था के साथ 24 घंटे स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध है।उन्होंने कहा कि नर्सिंग होम की टीम सर्दियों में बढ़ते संक्रमण को रोकने और समय पर इलाज उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह तैयार है।डॉ. सिंह ने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है कि अपनी और अपने परिवार की सेहत को लेकर सतर्क रहें। प्रज्ञा नर्सिंग होम हमेशा आपकी सेवा के लिए तत्पर है।

# स्वामी विवेकानंद स्कूल जार्जटाउन में चला मिशन शक्ति का नया आयाम

- मिशन शक्ति अभियान बेटियों को बनाएगी सशक्त : जानेंगी अपना अधिकार
- हर बेटी होगी जागरूक : उनकी सुरक्षा मिशन शक्ति अभियान है

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शुक्रवार को जनपद प्रयागराज चर्चित शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाला स्कूल स्वामी विवेकानन्द जार्जटाउन की बालिकाएं शिक्षा हो या खेल जगत हर क्षेत्र में अग्रणी हो रहीं हैं । बेटियों की सुरक्षा व सम्मान को लेकर मिशन शक्ति फेज 5. 0 के तहत स्कूल में भी बड़े ही भव्य तरीके से जागरूकता कार्यक्रम चला। जिसका मुख्य उद्देश्य हैं बेटियों व बालिकाओं को सशक्त बनाना है जिससे स्वयं में आत्मनिर्भर बन सके और किसी भी प्रकार की समस्या हो आने पर उसका सामना निडरता के साथ कर सकें। कार्यक्रम में मौजूद रहे संतोष कुमार श्रीवास्तव सचिव अपराध निरोधक समिति, प्रियंका पराशर प्रभारी प्रकोष्ठ एवं कार्यक्रम संयोजक, यातायात निरीक्षक अमित कुमार, अजीत कुमार सिन्हा सेवा सेवानिवृत्त जिला विद्यालय निरीक्षक सहित मिशन शक्ति



टीम सभी को स्कूल के प्रधानाचार्य अजय कुमार मिश्रा द्वारा सभी अतिथियों का भव्य स्वागत व सम्मान किया गया। ट्रैफिक इंस्पेक्टर अमित कुमार ने बताया की जैसा कि देखा जा रहा नवंबर माह यातायात का मुख्य माना जाता है जिसके क्रम में यातायात संबंधी नियमों के बारे में बताया की गाड़ी सामान्य गति में चलाएं, दो पहिया वाहन हेलमेट लगाकर एवं चार पहिया वाहन सीट बेल्ट लगाकर ही अपने दिशा में एवं दिए गए ट्रैफिक नियमों का पालन करने की बात कही। उसी क्रम में थाना जार्जटाउन मिशन शक्ति टीम से सब इंस्पेक्टर कोमल द्वारा बेटियों की सुरक्षा व सम्मान को लेकर जानकारी देते हुए बताया की अगर महिलाओं को रास्ते चलते अगर कोई मनचला परेशान करे तो कैसे हम सहायता प्राप्त करें एवं दिए गए वीमेन पॉवर लाइन 1090, महिला हेल्प लाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 एवं अगर कोई भी नंबर याद ना रहे तो उन्होंने बताया कि ऐसी स्थिति में दिए गए पुलिस आपातकालीन सेवा डायल 112 का तत्काल प्रयोग कर सकती हैं, डायल करते ही कुछ ही समय में सहायता प्राप्त होगी और उस मनचले के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी। वहीं सरकार द्वारा चले जा रही महिलाओं के लिए जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे कन्या सुमंगला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के बारे में बड़े ही विस्तार से जानकारी दी। टीम में मौजूद एस आई दिव्या गुप्ता ने भी गुड टच एवं बैड टच में जानकारी देते हुए साइबर अपराध को लेकर जानकरी दी गई एवं सोशल मीडिया को लेकर भी जागरूक करते हुए सतर्क रहने की बात कही कि बिना जाने लिंक को ओपन ना करें एवं किसी भी प्रकार की ओटीपी ना बतायें। टीम में मौजूद बीना गौतम, सृजल, यातायात अर्जुन सिंह, संदीप सोनी, एस आई यातायात इंद्रपाल वर्मा व संजय शुक्ला आदि रहे एवं सभी सम्मानित गणों को भी विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया।

# अज्ञात कारण से अधेड़ ने पेड़ की डाल से लटककर की आत्महत्या, पुलिस ने शव को कब्जे में लिया

अखंड भारत संदेश

**जसरा।** जसरा के एक गांव में एक अधेड़ ने अज्ञात कारण से गांव के बाहर बाग में आम के पेड़ की डाल से लटक कर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

घूरपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर शाम लगभग 6:00 बजे खटंगिया गांव निवासी राहुल उर्फ टन्ने 50 पुत्र मुन्नीलाल गांव के बाहर स्थित आम के बाद के बाग में पहुंचा। वहां पहुंच कर अपने गमछे के सहारे आम के पेड़ की डाल में फंदा लगाकर लटक कर आत्महत्या कर लिया। कुछ देर बाद घर के लोग जब बाग की ओर गए तो टनंने को लटकते हुए देखकर शोर मचाने लगे। शोर सुनकर गांव के लोग भी मौके पर पहुंच गए। तब टनंने की मृत्यु हो चुकी थी। किसी ने घूरपुर पुलिस को सूचना दे दी। गौहनिया चौकी इंचार्ज अनुराग सिंह ने बताया कि टनंने ने गांव के बाहर स्थित



आम की बाग में आम के पेड़ पर गमछे के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिवारी जनों ने आत्महत्या का कारण नहीं स्पष्ट किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। वहीं टनंने जसरा बाजार में पल्लेदारी व मजदूरी का काम किया करता था तथा परिवार का गुजारा किया करता था। टनंने की अचानक मृत्यु होने से गांव के लोग स्तब्ध हैं। टनंने अपने पीछे पत्नी सहित चार पुत्र व चार पुत्रियां को छोड़ गया है। जिसमें से तीन पुत्री व दो पुत्र का विवाह कर दिया था। टनंने की मौत से परिवार जनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। गांव के लोगों ने बताया कि वह शराब का आदी था। प्रतिदिन शराब पीकर घर आता था। आए दिन इन सबको लेकर परिवार में विवाद होता था। शुक्रवार की सुबह भी शराब पीने को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद इस प्रकार की घटना घट गई। फिलहाल अचानक हुई मौत से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।

# कौंधियारा में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र शुरू सस्ती दवाओं से मरीजों को मिलेगी राहत

**करछना।** कौंधियारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कौंधियारा में शुक्रवार को प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया गया। ब्लाक प्रमुख कौंधियारा इंद्रनाथ मिश्र ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद फीता काटकर केंद्र उद्घाटित किया। उन्होंने कहा कि जन औषधि केंद्र खुलने से मरीजों को अब सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध होंगी, जिससे उनके इलाज में सुगमता आएगी।

मुख्य अतिथि इंद्रनाथ मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा संचालित यह योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। बाजार में महंगी कीमत पर मिलने वाली कई आवश्यक दवाएं अब जन औषधि केंद्र पर न्यूनतम दरों में मिलेंगी। इससे मरीजों और उनके परिजनों पर आर्थिक बोझ काफी हद



प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का उद्घाटन करते ब्लाक प्रमुख इंद्रनाथ मिश्र

तक कम होगा। उद्घाटन कार्यक्रम में सीएचसी अधीक्षक पवन पंकज, डा. कृष्ण कुमार, लालचंद्र शुक्ल, बबिता बीबीसी, ललऊ राम चौबे, शोभनाथ शुक्ल, हनुमान विंद, अशोक पाल, श्रेया अग्रवाल समेत स्वास्थ्य केंद्र के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। अस्पताल परिसर में केंद्र शुरू होने से क्षेत्र की आम जनता में खुशी का माहौल देखा गया।

# चनेथू : देखि सुदामा की दीन दशा करुणा करिके करुणानिधि रोए...

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** चनेथू गांव में मुख्य यजमान गायत्री देवी एवं धनंजय पांडेय के निवास पर आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के सपापन दिवस पर शनिवार को कथा व्यास आचार्य अवनीश भाई महाराज ने सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष का वर्णन किया गया। विगत सात दिनों तक भगवान श्रीकृष्ण के वात्सल्य प्रेम के अलावा उनके द्वारा किए गए विभिन्न लीलाओं का वर्णन करके महाराज ने वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार, अनाचार, कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित किया। इस धार्मिक अनुष्ठान के समापन दिवस पर महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की सर्वोपरी लीला एवं सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष का वर्णन करके लोगों को भक्तिरस में डुबो दिया। भागवत कथा में आस-पास गांव के अलावा दूर दराज से आए काफी संख्या में महिला-पुरूष भक्तों ने साप्ताहिक कथा का आनंद उठाया सात दिनों तक क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय रहा। सुदामा



चरित्र में भगवान श्रीकृष्ण के बाल सखा सुदामा एक निर्धन ब्राह्मण थे, अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे गरीबी के बावजूद भी वे हमेशा भगवान के ध्यान में रहते थे जब सुदामा की पत्नी सुशीला ने उन्हें द्वारका जाकर श्रीकृष्ण से मदद मांगने को कहा, तो सुदामा वहां गए और द्वारिकाधीश के महल का पता पूंछा और महल की ओर बढ़ने लगे तो द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया, द्वारपालों की सूचना पर श्रीकृष्ण पहुंचे और गले लगाकर सिंहासन पर बिठाया और उनके चरण आंसुओं से धोए और सभी पटरानियां सुदामा से आशीर्वाद लेती हैं सुदामा जी विदा लेकर अपने घर लौटते हैं और भगवान श्रीकृष्ण की कृपा से अपने यहां महल बना पाते हैं। परीक्षित मोक्ष प्रसंग में शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को सात दिनों तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई कथा सुनने के बाद राजा परीक्षित के मन से मृत्यु का भय निकल गया तक्षक नाग ने राजा परीक्षित को डंस लिया, लेकिन कथा सुनने के कारण राजा परीक्षित भगवान के परमधाम को पहुंच गए कथा के पश्चात आरती प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर पंडित ओमप्रकाश ओझा, कैलाश नाथ पांडेय एवं राजकुमारी पांडेय, फूलचंद्र पांडेय, गुलाब चंद्र पांडेय, रामचंद्र पांडेय, तीर्थराज पांडेय, आशाराम पांडेय, कृपाशंकर पांडेय, मुन्ना पांडेय प्रधान, राजा पांडेय, राधेश्याम पांडेय, जिलाजीत पांडेय, हरिमोहन पांडेय, कृष्णराज पांडेय, कपिल देव तिवारी, शिव प्रसाद तिवारी, सुरेंद्र कुमार, शिव कुमार, सर्वेश कुमार, दिलीप पांडेय, अमित, धर्मेंद्र, जितेंद्र, सुनील, शुभम, ओम, साहिल, अनुज, उत्तम, ध्रुव, वेदांस सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# छात्र की मौत के मामले में प्रबंधक और प्रिंसिपल पर हत्या का केस दर्ज, पोस्टमार्टम के बाद सड़क जाम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** धूमनगंज क्षेत्र के मुंडेरा स्थित इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के दसवीं के छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद परिजनों ने स्कूल प्रबंधक और प्रधानाचार्य के खिलाफ हत्या के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई है। शुक्रवार को छात्र के पोस्टमार्टम के बाद पीड़ित परिजन शव को स्कूल के सामने सड़क पर रखकर आरोपियों की गिरफ्तार की मांग करते हुए चक्का जाम कर दिया। इसके बाद जाम की सूचना पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने आरोपियों पर कार्रवाई का आश्वासन देते हुए परिजनों को शांत कराकर वहां से हटाया भेजा।

धूमनगंज थाना क्षेत्र के भोला का पुरवा, प्रीतमनगर निवासी अमर सिंह यादव के (14) वर्षीय बेटे शिवम यादव की स्कूल परिसर में बृहस्पतिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। छात्र के हाथ व पैर में जले जैसे निशान भी मिले थे। इसके आधार पर परिजनों ने स्कूल प्रबंधन पर बेटे की हत्या करने का आरोप लगाया था। शुक्रवार को परिजनों की मौजूदगी में छात्र के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद परिजनों ने एंबुलेंस से शव को लेकर मुंडेरा स्थित छात्र के इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के बाहर पहुंचे।

वहां पहले से दर्जनों की संख्या में मौजूद परिजनों ने शव को एंबुलेंस से निकालकर सड़क पर रख दिया। इसके बाद स्कूल प्रबंधक और प्रधानाचार्य की गिरफ्तारी को लेकर नारेबाजी करने लगे। उधर, चक्का जाम से सड़क पर कई किलोमीटर तक गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई। मामला गंभीर होते देख धूमनगंज एसीपी अजेंद्र यादव कई थानों के पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपियों पर कार्रवाई का आश्वासन देते हुए पीड़ित परिजनों को समझा बुझाकर शांत कराया। इसके बाद परिजन छात्र के शव का अंतिम संस्कार करने के लिए पैतृक गांव कौशाम्बी के बारा लेकर चले गए। तब जाकर यातायात सुचारू रूप से शुरू हो सका।

पिता की तरफ से स्कूल प्रबंधन पर



**एफआईआर में लगाया गया आरोप**

एफआईआर के अनुसार, पीड़ित पिता अमर सिंह यादव ने बताया कि शिवम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, मुंडेरा में कक्षा 10 का छात्र था और रोज की तरह 20 नवंबर को विद्यालय गया था। आरोप है कि विद्यालय समय के दौरान प्रधानाचार्य ने पूर्व नाराजगी के कारण शिवम को बुरी तरह पीटा, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई।पिता का कहना है कि हालत बिगड़ने पर स्कूल प्रबंधन ने बिना सूचना दिए शिवम को क्षेत्र के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन को घटना की जानकारी दूसरों से मिली। संदेह होने पर पिता ने बेटे को यूनाइटेड अस्पताल और उसके बाद रानी अस्पताल भी ले गए, जहां डॉक्टरों ने उनके बेटे को मृत बताया।अमर सिंह का आरोप है कि प्रधानाचार्य की तरफ से उसके बेटे को काफी समय से मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। कई बार शिकायत करने के बावजूद स्कूल प्रबंधन ने कोई कार्रवाई नहीं की, बल्कि प्रबंधक ने उलटा उन्हें डांटकर भगा दिया और बच्चे को स्कूल से निकालने की धमकी दी। पिता का कहना है कि बेटे के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान मौजूद हैं, जो उसकी हत्या का प्रमाण हैं।

### स्कूल प्रबंधक ने कहा- दौड़कर कर आया अचानक गिरा, बेसुध हो गया

धूमनगंज प्रभारी राजेश उपाध्याय ने बताया कि स्कूल प्रबंधक ने पूछताछ में बताया कि स्कूल में स्पोर्ट प्रतियोगिता चल रही थी। छात्र दौड़कर आया और अचानक गिरा, फिर उठा नहीं। प्रभारी ने बताया कि पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर प्रबंधक और प्रधानाचार्य के खिलाफ हत्या के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट उन्हें नहीं मिला है। रिपोर्ट मिलने पर उसके आधार पर आगे की जांच की जाएगी।

### पीएम रिपोर्ट में हार्टअटैक से मौत की हुई पुष्टि

सूत्रों के अनुसार, शिवम के शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हार्टअटैक से मौत होने की पुष्टि हुई है। साथ ही उसके फेफड़े में इनफेक्शन भी पाया गया गया है। वहीं छात्र के पैर व हाथ में मिले जिस निशान को परिजनों ने करंट बताया था, रिपोर्ट में उसे चोट बताया गया है। सूत्र बताते हैं कि छात्र के गिरने की वजह से उसके हाथ व पैर में कुछ जगहों पर चमड़ी छिल गई थी। सूखने की वजह से उसमें कालापन आ गया था।

## प्रयागराज में बीएससी की छात्रा ने फंदे पर लटककर दी जान

**प्रयागराज।** बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा ने बुधवार रात फंदे पर लटककर जान दे दी। गुरुवार सुबह घटना का पता चला तो परिवार वाले हतप्रभ रह गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की, लेकिन कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। परिवार वाले भी आत्महत्या की वजह नहीं बता पा रहे हैं। कौशांबी जिले के सराय अकिल निवासी जगन्नाथ साहू की 19 वर्षीय बेटी आंचल झलवा स्थित एक निजी कालेज में बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा है। जगन्नाथ सराय अकिल बाजार में चाट की दुकान चलाते हैं। धूमनगंज थाना क्षेत्र के मुंडेरा में भी मकान है। वहीं पर आंचल अपनी मां और दो भाईयों के साथ रहती थी। बुधवार रात खाना खाने के बाद परिवार के सभी सदस्य अपने-अपने कमरे में सोने के लिए चले गए। इसी दौरान आंचल साड़ी का फंदा बनाकर पंखे के चुल्ले से लटक गई। गुरुवार सुबह मां निर्मला ने दरवाजा खटखटाया तो कोई उत्तर नहीं मिला। खिड़की से झांका तो बेटी को फंदे पर लटका देख हतप्रभ रह गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन करते हुए शव को पोस्टमार्टम हाउस के लिए भिजवाया। भाई अंकुर उर्फ शैलेंद्र ने बताया कि पिछले कई दिनों से आंचल गुमसुम रह रही थी।

हालांकि, उसने आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इस बारे में किसी को कुछ नहीं पता। इंस्पेक्टर धूमनगंज राजेश उपाध्याय ने बताया खुदकुशी का कारण साफ नहीं है। मोबाइल को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है।

## जनसूचना अधिकार अधिनियम के तहत सूचना मांगना पत्रकार को पड़ा भारी

**सूचना मांगने से आगबबूला एसडीएम मेजा सुरेंद्र प्रताप यादव ने पत्रकार से की अभद्रता तहसील परिसर से निकल जाने की दी धमकी, वीडियो हुआ वायरल**

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** जनसूचना के तहत मेजा के तानाशाह एसडीएम से सूचना लेना एक हिंदी दैनिक अखबार के पत्रकार को भारी पड़ गया। सूचना से तिलमिलाए एसडीएम सुरेंद्र प्रताप यादव ने सूचना देने के बजाय पत्रकार से अभद्रता और हाथापाई करने पर उतर आए जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि मेजा तहसील के एक हिंदी दैनिक अखबार के स्थानीय पत्रकार राजेश विश्वकर्मा जनसूचना अधिनियम के तहत एक प्रकरण के नकल की मांग की थी,गुरुवार को जैसे ही पत्रकार राजेश विश्वकर्मा नकल मांगने पर एसडीएम के चैंबर में पहुंचे पूर्व से आगबबूला एवं खार खाए बैठे लूटखसोट और भ्रष्टाचार में लिप्त मेजा के तानाशाह एसडीएम ने उन्हें नकल दिलवाने के बजाय पत्रकार से अभद्रता करना शुरू कर दिया और नकल देने से भी इनकार कर दिया। इतना ही नहीं पत्रकार राजेश विश्वकर्मा की बातों को सच माना जाय तो मेजा तहसील में भ्रष्टाचार का पर्याय बने एसडीएम को इतने पर संतोष नहीं हुआ तो उन्होंने पत्रकार की ओर आंखे तरेरते हुए आक्रोश में पत्रकार को उंगली दिखाते हुए हाथापाई की कोशिश किया और ज्यादा नेतागिरी न करने और तहसील प्रांगण से बाहर निकल जाने की धमकी दिया। इस संबंध में पत्रकार का यह भी आरोप है कि भ्रष्ट अधिकारी सुरेंद्र प्रताप यादव जब से मेजा तहसील में एसडीएम के पद पर तैनात हुए हैं,तब से मेजा तहसील को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिए हैं और फरियादियों से सीधे मुंह बात न कर- के उनके साथ भी अभद्रता से पेश आना तथा उन्हें डांटकर भगाना उनका रोज का पेशा बन चुका है। सूत्रों की मानें तो एसडीएम पर जातिवाद करने का भी आरोप लगाया गया है। जिसका जीता जागता उदाहरण सिकी कला गांव का एक प्रकरण है। बता दें कि सीकी कला गांव में एक पाल समुदाय के व्यक्ति का सरकारी पट्टा होने के बावजूद एक विशेष जाति के व्यक्ति को उक्त एसडीएम द्वारा कब्जा करा दिया गया था जिसमें पाल बिरादरी के पीड़ित ने मेजा समाधान दिवस में आए जिलाधिकारी मनीष वर्मा को शिकायती पत्र देकर एसडीएम के कारनामे की शिकायत किया था। मामले में डीएम के हस्तक्षेप के बाद उस समय अवैध अतिक्रमण तो हटवा दिया गया था, लेकिन डीएम महोदय के जाने बाद एसडीएम सुरेंद्र प्रताप यादव ने उस पर दोबारा कब्जा करा दिया है। गौरतलब है कि एसडीएम मेजा की इस घटिया कार्यशैली से फरियादियों और अधिवक्ताओं में बेहद आक्रोश बताया जा रहा है। हालांकि पीड़ित पत्रकार राजेश विश्वकर्मा ने जिलाधिकारी प्रयागराज के मोबाइल पर बात कर एसडीएम सुरेंद्र प्रताप यादव की कार्यशैली का वीडियो व्हाट्सएप पर भेजकर एसडीएम मेजा खिलाफ एक्शन लेने की मांग की है।

## सच्चिदानन्द मिश्रा उत्तर प्रदेश और संदीप तिवारी दिल्ली प्रदेश के चुनाव संयोजक बनाए गए




**प्रयागराज।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ में पूरे देश में एक साथ चुनाव प्रक्रिया शुरू कर दी गई है जिसके तहत प्रथम चरण में समस्त जिला और तहसील इकाइयों में नई कार्यकारिणी गठित करने के लिए चुनाव की घोषणा होते ही सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों में सक्रियता बढ़ गई है। राष्ट्रीय संयोजक डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय ने बताया कि उत्तर प्रदेश , बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली, झारखण्ड, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, कर्नाटक, उत्तराखंड और असम में एक साथ सभी जिलों और तहसील इकाइयों को पुनर्गठित किया जाएगा।

### भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ में नए सत्र के लिए इकाइयों में चुनाव की प्रक्रिया शुरू

प्रत्येक प्रदेश में चुनाव संयोजक बनाए गए हैं जिनके निर्देशन में नई इकाइयों का चुनाव कराया जाएगा। डॉ. उपाध्याय ने बताया कि बिहार के लिए प्रो जगदीश प्रसाद यादव को एवं उत्तर प्रदेश में सच्चिदानन्द मिश्रा को चुनाव संयोजक बनाया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र एवं राष्ट्रीय मुख्य महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया से प्राप्त प्रस्ताव और संस्तुति पर सभी संभावित प्रदेशों में चुनाव संयोजक मनोनीत किए जा रहे हैं। इस क्रम में दिल्ली प्रदेश में संदीप तिवारी, मध्य प्रदेश में पुरुषोत्तम मिश्रा, छत्तीसगढ़ में हेमंत कारफार्मा, महाराष्ट्र में मिथिलेश मिश्रा, पंजाब में डॉ. सुनील कुमार, राजस्थान में शिव कुमार जालान, कर्नाटक में डॉ. जयसिंह अलवरी, उत्तराखंड में डॉ आर एल चौरसिया, झारखंड में अभय सिंह को चुनाव संयोजक बनाया गया है। शेष अन्य सभी प्रदेशों में भी अति शीघ्र ही चुनाव संयोजक बनाए जाएंगे। सभी चुनाव संयोजक नई इकाई के गठन तक कार्यरत रहेंगे। सभी प्रदेशों में इसी सप्ताह में सह संयोजक और मण्डल स्तर पर प्रभारियों की घोषणा कर दी जाएगी।

## LLB के छात्र पर रॉड-हॉकी से हमका कर किया अधमरा, 5 लोगों पर मुकदमा

**प्रयागराज।** हैप्पी होम बमरौली के पास चड्ढा गार्डेन के बाहर गुरुवार रात एलएलबी के एक छात्र पर जानलेवा हमला किया गया। थार से आए पांच हमलावरों ने राड व हाकी से तब तक छात्र को पीटा, जब तक वह खून से लथपथ होकर गिर नहीं गया।

सरेआम हुई घटना को देख लोग शोर मचाते हुए दौड़े तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। शुक्रवार को पूरामुफ्ती पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक को नामजद करते हुए चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोपितों की धरपकड़ के लिए पुलिस टीम भी लगा दी गई है।

धूमनगंज थानांतर्गत प्रीतम नगर निवासी सुरेंद्र कुशवाहा का पुत्र हेमंत एलएलबी द्वितीय वर्ष का छात्र है। गुरुवार रात वह अपने पिता सुरेंद्र व मां के साथ हैप्पी होम बमरौली के पास चड्ढा गार्डेन में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। रात करीब 11 बजे हेमंत गार्डेन के बाहर खड़ी कार से अपनी जैकेट निकालने गया। उसी समय एक थार वहां आकर रुकी। आरोप है कि उसमें सवार लोग अपशब्द कहते हुए नीचे उतरे। सभी के हाथ में लोहे का राड व हाकी थी। हेमंत कुछ समझ पाता, इसके पहले उस पर हमला कर दिया गया। हमलावरों ने उसे घेरकर इतना पीटा कि वह खून से लथपथ हो गया। कार में भी तोड़फोड़ की गई। मदद की आवाज लगाने पर वैवाहिक समारोह में मौजूद लोग घटनास्थल की तरफ दौड़े तो हमलावर वाहन में सवार होकर भाग निकले। जाते-जाते पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। घायलावस्था में हेमंत को पूरामुफ्ती थाने ले जाया गया। उसका सिर फटा था, जबकि हाथ, पैर समेत शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोट आई थी। आननफानन में पुलिस उसे अस्पताल ले गई। सुरेंद्र कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी, जिस पर शुभम नामक युवक को नामजद करते हुए चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। थाना प्रभारी पूरामुफ्ती मनोज सिंह का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपितों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

## सपा नेता आजम खां के लंबित मामलों की सुनवाई से न्यायमूर्ति समीर जैन हुए अलग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति समीर जैन की अदालत ने 2016 के चर्चित यतीमखाना बेदखली मामले में सपा नेता आजम खां की याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया है। उन्होंने ने न केवल यह मामला, बल्कि आजम से जुड़े अन्य सभी लंबित मामलों को भी अपनी अदालत से रिलीज कर दिया। हालांकि, कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि ट्रायल कोर्ट के अंतिम निर्णय पर लगी रोक अगली तारीख तक प्रभावी रहेगी।मामला रामपुर शहर कोतवाली क्षेत्र के यतीमखाना बस्ती का है, जिसे 2016 में सपा सरकार के दौरान जबरन खाली कराया गया था। आरोप है कि आजम के इशारे पर सपाइयों ने पुलिस बल के साथ बस्ती को खाली करवाया था। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि कार्यवाही के दौरान घरों में घुसकर मारपीट, छेड़छाड़, रुपये-जेवर और भैंस-बकरियां लूट ले जाने जैसी घटनाओं की अंजाम दिया गया था।



**यतीमखाना बेदखली का मामला**

इस घटना में 12 अलग-अलग मुकदमे दर्ज हुए थे। आरोपियों में आजम संग सेवानिवृत्त सीओ आले हसन खान, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गोयल, इस्लाम ठेकेदार आदि नाम शामिल हैं। मामले का ट्रायल रामपुर के एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रहा है। ट्रायल कोर्ट ने 30 मई को आरोपियों की ओर से मामले के मुख्य गवाह वक्फ बोर्ड चेयरमैन जफर अहमद फारूकी को दोबारा बुलाने की मांग। साथ ही कथित बेदखली की वीडियोग्राफी को रिकॉर्ड पर लाने की मांग खारिज कर दी थी।

इसके खिलाफ आजम ने हाईकोर्ट का रुख किया था। दावा किया है कि वीडियो से सिद्ध होगा कि घटनास्थल पर उनकी उपस्थिति नहीं थी और न्यायपूर्ण सुनवाई के लिए यह सबूत बेहद महत्वपूर्ण है। 10 सितंबर को इसी अदालत से आजम को जमानत मिली थी। उसी क्रम में मुकदमा खत्म करने और अन्य राहतों को लेकर आगे की सुनवाई चल रही थी। शुक्रवार को कोर्ट ने आजम के सभी मामलों से खुद को अलग करते हुए मामले को सुनवाई के लिए दूसरी पीठ नामित करने की सिफारिश की है। अब मामला मुख्य न्यायाधीश के आदेश के बाद किसी अन्य पीठ के समक्ष सूचीबद्ध होगा।

## माघ मेले के लिए 2 जनवरी से चलेंगी हमसफर-प्रयागराज एक्सप्रेस, फाफामऊ से दौड़ेगी वंदे भारत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** माघ मेला 2026 को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों की भारी भीड़ से निपटने के लिए बड़ा निर्णय लिया है। दो जनवरी 2026 से लगातार 47 दिन तक प्रयागराज जंक्शन की कई महत्वपूर्ण ट्रेनें अब सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन से चलेंगी और वहां रुकेंगी भी। इससे जंक्शन पर दबाव कम होगा और यात्रियों को आसानी होगी।

प्रयागराज एक्सप्रेस (12417) अब जंक्शन की बजाय सूबेदारगंज से चलेगी। वापसी में यह सुबह 6:55 बजे सूबेदारगंज पहुंचेगी। इसी तरह प्रयागराज-लालगढ़ एक्सप्रेस (12403) रात 11:15 बजे सूबेदारगंज से रवाना होगी और वापसी में सुबह 4:40 बजे यहां



आएगी।

आनंद विहार हमसफर एक्सप्रेस (22438) भी सूबेदारगंज से चलेगी। 12 जनवरी से 25 जनवरी तक यह रात साढ़े बारह बजे रवाना होगी और सुबह 6:15 बजे वापस आएगी। कुछ ट्रेनों का समय थोड़ा बदल गया है, जैसे 22437 और 12275 अब रात 10:35 की बजाय अगले दिन 00:30 बजे रवाना होंगी।

यही नहीं, राजधानी एक्सप्रेस समेत कई सुपरफास्ट ट्रेनें अब सूबेदारगंज पर रुकेंगी। इनमें नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी (12424/23), नई दिल्ली-हावड़ा राजधानी (12306/05), नई दिल्ली-राजेंद्रनगर राजधानी (12310/09), कोलकाता राजधानी (12301), नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस (12506/05), बाड़मेर-हावड़ा सुपरफास्ट (12324/23) और आनंद विहार-जोगबनी एक्सप्रेस (12488/87) शामिल हैं। इन ट्रेनों का ठहराव अब जंक्शन की बजाय सूबेदारगंज पर होगा।

वंदे भारत को भी मिला नया ठिकाना

वंदे भारत को भी नया ठिकाना मिला है। प्रयागराज-गोरखपुर वंदे भारत (22550) अब जंक्शन की बजाय फाफामऊ से चलेगी। 13 जनवरी से 25 जनवरी तक यह दोपहर 3:35 बजे फाफामऊ से रवाना होगी और वापसी में 12:55 बजे यहीं आएगी। चोपन- प्रयागराज एक्सप्रेस (13309/13310) अब छिवकी स्टेशन से चलेगी।

लंबी दूरी की दस जोड़ी ट्रेनों का मार्ग भी बदला गया है। दानापुर-उधना, पटना-एणाकुलम, छपरा-जालना, पुणे-बनारस, रांची-लोकमान्य तिलक, अहमदाबाद-पटना, सिकंदराबाद-दानापुर, दादर-बलिया, गोरखपुर-दादर और रामेश्वरम-बनारस जैसी ट्रेनें अब प्रयागराज जंक्शन को छोड़कर रामबाग और छिवकी स्टेशनों से गुजरेंगी।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय कोटहा की छात्राओं ने बीडीओ उरुवा को उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया प्रशंसा पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** प्रगति ग्रामोद्योग एवं समाज कल्याण संस्थान के तत्वावधान में उच्च प्राथमिक विद्यालय कोटहा की छात्राओं द्वारा बीते 20 नवंबर को ब्लाक समन्वयक मो वाजिद हुसैन के नेतृत्व में खंड विकास अधिकारी उरुवा श्रुति शर्मा को प्रशंसा पत्र देकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। छात्राओं ने यह प्रशंसा पत्र खंड विकास अधिकारी उरुवा को शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट योगदान और बालिकाओं के अधिकार के लिए जनजागरूकत किए जाने हेतु दिया है। गौरतलब है कि छात्राओं द्वारा की गई इस पहल की बीडीओ श्रुति शर्मा ने प्रशंसा किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए




बीडीओ उरुवा श्रुति शर्मा को प्रशंसा पत्र प्रदान करती उच्च प्राथमिक विद्यालय कोटहा की छात्राएं

बधाई दिया है। इस मौके पर स्कूल की छात्रा नाजिया साजिया छात्र आयत, सौरभ और सहायक शिक्षिका त्रिपाठी आदि के अलावा मीना मंच के कई अन्य सदस्य प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : डीएम

## गणना प्रपत्रों के कार्यो में लापरवाही मिलने पर सुपरवाइजर को लगाई फटकार

### डीएम ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत प्राथमिक विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**





**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के तहत तहसील लालगंज के प्राथमिक विद्यालय सराय आनादेव व तहसील कुण्डा अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय कानूपुर बिहार, प्राथमिक विद्यालय कोर्रही-प्रथम (बाबागंज), प्राथमिक विद्यालय भिटारा बिहार, उच्च प्राथमिक विद्यालय सुन्दरगंज विकास क्षेत्र कुण्डा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) आदित्य प्रजापति भी मौजूद रहे। यह निरीक्षण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए किया गया।

प्राथमिक विद्यालय कोर्रही में निरीक्षण के दौरान गणना प्रपत्रों के कार्य में सुपरवाइजर शिवराम गुप्ता (लेखपाल) की लापरवाही सामने आने पर डीएम ने कड़ी फटकार लगाते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि अभियान के महत्वपूर्ण कार्यों में किसी भी प्रकार की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।प्राथमिक विद्यालय भिटारा बिहार में 622 में से केवल 250 गणना प्रपत्रों के वितरण की स्थिति पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए शेष सभी प्रपत्र आज ही वितरित कराने के निर्देश दिए। 150 फार्म ऑनलाइन किए जाने पर उन्होंने इस कार्य में और तेजी लाने को कहा। निरीक्षण के दौरान बीएलओ नीरज मिश्रा अनुपस्थित पाए गए, कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि बीएलओ अवकाश पर है जिस पर डीएम ने खंड शिक्षा अधिकारी को स्वयं विद्यालय में बैठकर कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया।उच्च प्राथमिक विद्यालय सुन्दरगंज में भी गणना प्रपत्रों के वितरण में लापरवाही तथा ग्राम प्रधान द्वारा अपेक्षित सहयोग न मिलने पर डीएम ने असंतोष जताया और संबंधित कर्मचारियों को तत्काल वितरण कार्य में तेजी लाने को कहा। यहां भी बीएलओ अजय कुमार (शिक्षा मित्र) के अनुपस्थित होने पर डीएम ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि निर्वाचन से जुड़े कार्यों में किसी भी स्तर की लापरवाही अस्वीकार्य है। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय सराय आनादेव व प्राथमिक विद्यालय कानूपुर बिहार का भी डीएम ने निरीक्षण कर बीएलओ एवं सम्बन्धित अधिकारियों को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित बीएलओ से घर-घर जाकर प्रपत्र वितरण की प्रगति, मतदाताओं से संपर्क तथा जमा किए गए प्रपत्रों की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक पात्र मतदाता तक गणना प्रपत्र पहुंचना सुनिश्चित किया जाए ताकि कोई भी व्यक्ति मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। मतदाताओं को प्रपत्र भरने की प्रक्रिया के बारे में भी समुचित जानकारी देना सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने सभी बीएलओ और संबंधित अधिकारियों को चेतावनी दी कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने मतदाताओं से अपील की कि वे अपना गणना प्रपत्र अवश्य भरें और इस महत्वपूर्ण अभियान में सहयोग दें।जिलाधिकारी ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को सटीक, त्रुटिरहित और अद्यतन बनाना है। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 4 दिसंबर 2025 तक चलेगा, जिसके तहत बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करेंगे तथा मतदाताओं द्वारा भरे गए प्रपत्रों को पुनः संग्रहित करेंगे। यह पहल लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### छात्रवृत्ति से वंचित समस्त वर्गो के छात्रों के लिये पुनः पोर्टल खोला गया

**प्रतापगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया है कि शैक्षिक सत्र वर्ष 2024-25 में दशमोत्तर (कक्षा 11-12 को छोड़कर) छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्रवृत्ति से वंचित समस्त वर्गो के छात्रों के लिये पुनः पोर्टल खोले जाने हेतु समय सारिणी निर्गत की गई है। उन्होने बताय है कि दिनांक 20 नवम्बर से 26 नवम्बर तक संस्थान द्वारा मास्टर डाटा लाक (कक्षा 11-12 को छोड़कर) किया जायेगा। छात्र/छात्रायें छात्रवृत्ति हेतु 20 नवम्बर से 26 नवम्बर तक आनलाइन आवेदन कर सकते है। दिनांक 28 नवम्बर तक छात्र/छात्राओं द्वारा किये गये आनलाइन आवेदन को फाइनल सब्मिशन एंव प्रिन्ट आउट किया जायेगा। दिनांक 29 नवम्बर तक ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्ड कापी छात्रध्छात्राओं द्वारा वांछित संलग्लकों सहित विद्यालय में जमा किया जायेगा। दिनांक 03 दिसम्बर तक छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी एवं संलग्न अभिलेखों से छात्र/छात्राओं के समस्त विवरण का शिक्षण संस्थान द्वारा मिलान किया जाना एव ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करना, अपात्र छात्रों का आवेदन निरस्त करना तथा पात्र छात्रों का आवेदन ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित किया जायेगा। दिनांक 11 दिसम्बर से 18 दिसम्बर तक त्रुटिपूर्ण आवेदन को छात्रों के स्तर से सही किया जायेगा। दिनांक 16 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक छात्रों द्वारा सही आवेदन को जमा करना एवं संस्था द्वारा पुनः अग्रसारित किया जायेगा।उन्होने यह भी बताया है कि जिन शिक्षण संस्थानों द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में मास्टर डाटा नहीं लॉक किया गया था, वे शिक्षण संस्थान निर्धारित तिथि में मास्टर डाटा अवश्य लॉक कर दें। जिन छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षाफल घोषित न होने के कारण आवेदन नहीं किया जा सका था, वे छात्र निर्धारित तिथि तक आवेदन कर सकते हैं।

## न्यूज झरोखा

### खड़ी बाइक में कार सवार ने मारी जोरदार टक्कर, युवती समेत दो घायल



**पट्टी।** सड़क के किनारे खड़े बाइक सवार को पीछे से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी।जिससे बाइक चालक व पीछे बैठी युवती सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को सीएचसी लेकर आए, दोनों की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सुजानगढ़ थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव निवासी चांद बाबू (27) व खुशी यादव (20) को शुक्रवार की दोपहर दवा के लिए ढकवा जा रहा था अभी वह कलियनापुर नहर पुलिया के पास खड़ा था, इस दौरान पीछे से आई तेज रफ्तार कार सवार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची घायल को अस्पताल भेजवाया। उपचार के बाद चांद बाबू और खुशी की हालत गंभीर होने के चलते चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। वही टक्कर मारने वाली कार व चालक को पुलिस हिरासत में लिया है। घटना की जानकारी होने पर घायलों के परिजन अस्पताल पहुंच गए थे।

### चिल्ड्रेन पैराडाइज स्कूल में आयोजित दो दिवसीय खेल महोत्सव में नन्हें मुन्हों का चमका हुनर, हुए पुरस्कृत




**प्रतापगढ़।** स्थानीय लालगंज नगर स्थित चिल्ड्रेन पैराडाइज स्कूल के दो दिवसीय खेल महोत्सव का शुक्रवार को रंगारंग शुभारंभ हुआ। खेल महोत्सव के पहले दिन छात्र छात्राओ के साथ मौजूद अभिवावको ने भी खेल महोत्सव का आनन्द लिया। पहले दिन म्यूजिक चेयर प्रतियोगिता में प्रीप्रेप में अथर्व शुक्ला, प्रगति पाण्डेय, प्रेप में तैमूर खान, श्रेयांश गुप्ता, अनाया सिंह, श्रद्धा गौतम, कादिर खान, मोक्ष, देवांशी ने अपने अपने समूह में प्रथम स्थान हासिल किया। क्रो क्रोडाइल रेस में फेनिल कोरी, अल्तमश विजेता रहे। रोप पुलिंग सीनियर बालक वर्ग में सुयश सोनी, कृष्णदत्त, शिवम मिश्र, शौर्य सिंह, यश मिश्र, शशांक त्रिपाठी, मो0 समीर, सादिक अली, श्रेयांश पाण्डेय की टीम ने विजेता का खिताब हासिल किया। कबडडी जूनियर बालक वर्ग में मानवेंद्र पाण्डेय, मयंक, यश, कार्तिकेय, हश्मत, अनमोल, प्रांजल, समा सोनी, सूर्य, दीपांकुर की टीम कड़े मुकाबले मे विजेता का खिताब हासिल करने में कामयाब रही। सीनियर बालिका वर्ग में हैंकी स्नैच प्रतियोगिता में अनामिका शुक्ला, अंशिता ओझा, वर्तिका त्रिपाठी, रोशनी सोनी, रिद्धि, राधा, वैष्णवी पाण्डेय की टीम ने विजेता की शील्ड प्राप्त की। इसके पूर्व खेल महोत्सव का शुभारंभ रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं प्रबंधक विकास मिश्र ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर फीता काटकर किया। कार्यक्रम का संयोजन प्रधानाचार्य आदर्श मिश्र ने करते हुए विद्यालय की प्रगति पर शिक्षकों की भूमिका को सराहा। कार्यक्रम का संचालन भरतभूषण ओझा तथा सरिता पाण्डेय ने किया। इस मौके पर अनूप पाण्डेय, राजेन्द्र त्रिपाठी, जनक शुक्ला, अनिषेक मिश्रा, आशीष, आनन्द, संजीव पाण्डेय, सरिता पाण्डेय, सुधा सिंह, प्रतिमा, ज्योति, नेहा, सीमा, दिव्या, आरती, श्रेया तथा प्रतिभा पाण्डेय आदि ने खेल महोत्सव में अपनी अपनी भूमिका का निर्वहन किया। सफल एवं विजेता छात्र छात्राओं को प्रधानाचार्य आदर्श मिश्र ने मेडल व ट्राफी प्रदान कर उत्साहवर्धन किया।

### दबंगों द्वारा ट्रक चालक व खलासी के साथ बाजार में मारपीट, जांच में जुटी पुलिस

**लालगंज।** ट्रक से गल्ला लादने सांगीपुर बाजार आये चालक व खलासी के साथ दंबगों द्वारा गालीगलौज व मारपीट के आरोप को लेकर पुलिस को तहरीर दी गयी है। पटटी थाना क्षेत्र के सिसाथपुर बेला रामपुर निवासी कमलेश सरोज पुत्र लाल बहादुर सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह बीती गुरूवार की रात ट्रक पर एक प्रतिष्ठान के समीप गल्ला लादने के लिए पहुंचा। गदियान मोड़ पर आरोपियों ने उसे तथा खलासी को गाली देने लगे। मना करने पर आरोपियों द्वारा पीड़ित की पिटाई कर दी गयी। शोर सुनकर आसपास के लोग दौडे तब आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। सूचना पर सांगीपुर पुलिस पहुंची और बाजार में लगे सीसी फुटेज को खंगाला। सूत्रों के मुताबिक शुक्रवार को दोपहर बाद सीसी फुटेज के आधार पर पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में भी लिया है। सांगीपुर के प्रभारी एसओ अनिल यादव का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर सत्यता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### युवक को लोहे की राड से पीटकर किया घायल

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के अमापुर बाजार में पनीर लेने गए युवक को दबंगों ने मार-पीट कर घायल कर दिया। घटना की शिकायत पुलिस से की गई है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बीबीपुर बारड़ीह गांव निवासी प्रदीप कुमार पुत्र नंदलाल पटेल ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि वह गुरुवार की शाम करीब 7 बजे पनीर लेने अपनी एक रिश्तेदार के साथ आमापुर बाजार गया था। जहां पर ढ़ाढर गांव के चार-पांच युवक आए और लोहे की राड से उसे पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बाजार वालों के हस्तक्षेप व 112 आ जाने से उसकी जान बची। घायल ने थाने पर प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस घायल को इलाज के लिए भेजते हुए मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### दहेज उत्पीड़न का ससुरालीजनों पर केस

**प्रतापगढ़।** दहेज उत्पीड़न को लेकर पुलिस ने ससुरालीजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली लालगंज क्षेत्र के रायगढ़ गांव की अंजली यादव पुत्री दशरथ लाल यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसने मंदिर में संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के खासवरदान का पुरवा नरई निवासी सनी सरोज पुत्र लालजी सरोज के साथ विवाह किया है। पीड़िता का आरोप है कि ससुरालीजन उसे व उसके पति को घर में नही रहने दे रहे हैं। आरोपीगण दहेज की मांग कर रहे हैं। दहेज की मांग को लेकर पीड़िता व उसके पति सनी को मारपीट कर घर से भगा दिया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर अज्ञात ससुरालीजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### जहरीले जंतु के काटने से वृद्ध की हालत बिगड़ी

**पट्टी।** घर के सामने रखे पुवाल को हटातेंसमय वृद्ध को जहरीले जंतु ने काट लिया। थोड़ी देर बाद हालत गंभीर होने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर आए जहां पर उसका इलाज चल रहा है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के कलियनापुर गांव निवासी रामदीन प्रजापति शुक्रवार को दिन में एक बजे के आस-पास घर के पास रखे पुवाल हटा रहा था कि उसे किसी जहरीले जंतु ने काट लिया। वृद्ध ने परिजनों को जानकारी हुई। देखते ही देखते उनकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन आनन - फनन में इलाज के लिए सीएचसी पट्टी पहुंचे जहां पर उनका इलाज चल रहा है।

# सड़क निर्माण में अनियमितता पर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

### घटिया निर्माण को देखकर ग्रामीणों ने बंद कराया सड़क का निर्माण कार्य

**अखंड भारत संदेश**



**पट्टी।** तहसील क्षेत्र के रानीगंज पट्टी मुख्य मार्ग से प्राथमिक विद्यालय कठार होते हुए गांव तक करीब एक किलोमीटर सड़क का लोक निर्माण विभाग द्वारा पेंटिंग का कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार की मनमानी के चलते मानक को ताख पर रखकर घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। जिसको लेकर ग्रामीणो ने मानक के अनुसार सड़क का निर्माण न कराये जाने पर जमकर विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी किया और सड़क निर्माण के कार्य को रुकवा दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क के ठेकेदार की मनमानी से घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। जिसको लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। इतना ही नहीं ग्रामीणों का आरोप है कि जो सड़क बनाई जा रही हैं वह छूते ही उखड़ती जा रही है। सड़क विभाग की मनमानी और लापरवाही का वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है और लोगों का कहना है कि एकदम घटिया निर्माण सड़क विभाग के ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है। जो सड़क अभी बनाई गई है ग्रामीण उस सड़क को पैर से गिट्टी को हटाकर दिखा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण के नाम पर सड़क भ्रष्टाचार की भेट चढ़ती जा रही है और मानक को ताख पर रखकर घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। इसमें डामल के नाम पर केमिकल और पानी का प्रयोग किया गया है। और बनते ही सड़क उखड़ कर बिखरती जा रही है और गिट्टी पर फिसल कर ग्रामीण घायल हो रहे हैं। शुक्रवार को गांव के बलवीर सिंह, शौकत अली, पिंटू, रामखेलावन, हीरालाल, रामदीन, राम अचल, धर्मेंद्र, विजय, पारसनाथ सहित दर्जनों ग्रामीणो ने विरोध करते हुए शासन प्रशासन एवं जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए ऐसे भ्रष्ट ठेकेदार के खिलाफ मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की हैं।

# दूरदर्शिता व प्रतिबद्धता के बीच रामपुरखास में मजबूत हो रही हैं स्वास्थ्य सेवाएं : प्रमोद तिवारी

**अखंड भारत संदेश**



**लालगंज।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने शुक्रवार को सांगीपुर सीएचसी में विधायक मोना की ओर से मंजूर करायी गयी एक्सरे मशीन की बेहतर स्वास्थ्य सेवा की समारोहपूर्वक सौगात सौंपी। स्वास्थ्य सेवाओं की सौगात सौपते हुए सांसद प्रमोद तिवारी ने सांगीपुर अस्पताल में विधायक मोना की ओर से अल्ट्रासाउण्ड की भी विधायक निधि से सुविधा मुहैया कराए जाने का ऐलान किया। सीएचसी परिसर में आयोजित समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि रामपुरखास शिक्षा का हब होने के साथ अब जल्द ही स्वास्थ्य सुविधाओं का हब दिखेगा। उन्होने कहा कि विधायक मोना के लगातार प्रयास से इधर रामपुरखास में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर हुई हैं। उन्होने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में लालगंज में ट्रामा सेण्टर तथा पचास बेड का महिला एवं बाल चिकित्सालय हमारी दूरदर्शिता व मजबूत प्रतिबद्धता का जीवन रक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रयास है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सकों व पैरा मेडिकल स्टाफ से कहा कि वह इन स्वास्थ्य संसाधनो को सदुपयोग मे लाते हुए मनोयोग से जरूरतमंद के प्रति सेवाभाव से खुद को समर्पित करें। उन्होने कहा कि गरीब तबके के लोगों जीवन की रक्षा करना ही मंदिर की पूजा और मस्जिद की इबादत का प्रतिफल दिया करता है। उन्होने कहा कि रामपुरखास में विधायक मोना तथा खुद के उनके संकल्पों के कारण जिलास्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मिलना इस क्षेत्र की सर्वश्रेष्ठता की मिशाल है। सांसद प्रमोद तिवारी ने रामपुरखास मे बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओ के लिए विशेष सहयोग के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के भी सहयोगात्मक रूख को सराहा। उन्होने कहा कि बेहतर चिकित्सीय योगदान के जरिए आज एशिया में भारत देश ने मृत्युदर कमी करने में भी सबसे बड़ी कामयाबी हासिल की है। इसके पहले सांसद प्रमोद तिवारी ने सीएचसी भवन में एक्सरे रूम का विधिवत उदघाटन किया। उन्होने यहां मौजूद पैरा मेडिकल स्टाफ से कहा कि वह इस सेवा को पूरी तरह से पारदर्शिता से संचालित करायें। चिकित्साधीक्षक डा0 आनन्द तिवारी ने सांगीपुर सीएचसी में संचालित स्वास्थ्य योजनाओं के साथ शासन की कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू व संचालन पूर्व प्रमुख रामकृपाल पासी ने किया। डा0 धर्मेन्द्र शुक्ल ने अतिथियों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर पूजा कुमारी, डा0 आशीष गुप्ता, डा0 सत्येन्द्र, डा0 सुरेश, डॉ0 अमिताभ शुक्ल, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, संजय पाण्डेय, अशोकधर द्विवेदी, रिंकू सिंह परिहार, अरविंद सिंह, लल्लन सिंह, डॉ0 निरंकार सिंह, अरविंद मिश्र, रामबोध शुक्ला, बृजकिशोर तिवारी, राघवराम मिश्र, नीरज सिंह, त्रिभु तिवारी आदि मौजूद रहे। इसके पहले सांगीपुर बाजार में तिराहे पर पूर्व प्रधान शंकर मोदनवाल तथा गुडडू सिंह व चंदन पाण्डेय की अगुवाई में व्यापारियों ने राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का गाजे बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया। सांसद प्रमोद तिवारी ने बाबा घुइसरनाथ धाम में भी दर्शन पूजन कर लोकमंगल की प्रार्थना की।

### सीडीओ ने विकास भवन के कार्यालयों का किया निरीक्षण

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा द्वारा विकास भवन स्थित समस्त कार्यालयों यथा-जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, उपायुक्त श्रमध्स्वतः रोजगार, जिला कार्यकम अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता आरईडी, जिला दुग्ध विकास अधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य, सहायक आयुक्त एवं निबन्धक सहकारिता, जिला मुख्य पशु चिकित्साकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास), जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी आदि कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका के अवलोकन करने पर पिछड़ा वर्ग, कार्यक्रम विभाग, अल्पसंख्यक, लघु सिंचाई, समाज कल्याण अधिकारी (विकास) विभाग एवं पंचायतीराज के 01-01 अधिकारीध्कर्मचारी तथा युवा कल्याण के 02, आर०ई०डी० विभाग के 04, पशुपालन विभाग के 02 अधिकारीध्कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। अनुपस्थित अधिकारियोंध्कर्मचारियों का दिनांक 21.11.2025 का वेतन अग्रिम आदेशों तक के लिये बाधित करते हुये निर्देशित किया गया कि 03 दिवस के अन्दर अपना स्पष्टीकरण उपलब्ध करायें। सन्तोषजनकध्यथोचित कारण न होने की दशा में सम्बन्धित के विरूद्ध प्रतिकूल कार्यवाही की जायेगी। सीडीओ ने समस्त विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि स्वयं के साथ अपने अधीनस्थ समस्त अधिकारियोंध्कर्मचारियों की प्रत्येक कार्य दिवस में समय से उपस्थिति सुनिश्चित करायें तथा समय-समय पर उपस्थिति पंजिका का अवलोकन कर अनुपस्थित पाये जाने वाली अधीनस्थ अधिकारियोंध्कर्मचारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुये अवगत करायें। कोई भी अधिकारीध्कर्मचारी बिना किसी पूर्व अनुमतिध्अवकाश स्वीकृति के कार्यालय से अनुपस्थित न रहे।

# वैवाहिक कार्यक्रम में बाधा डालने से परेशान पीड़ितजनों ने जतायी नाराजगी



**प्रतापगढ़।** पारिवारिक रंजिश में परिवार के ही कुछ सदस्य वैवाहिक कार्यक्र्रम में भी अड़चन डाल रहे हैं। आरोपीगण पीड़ित को दरवाजे पर वैवाहिक कार्यक्रम करने पर जानलेवा धमकी भी दे रहे हैं। पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने से परेशान पीड़िजनों ने शुक्रवार को सीओ कार्यालय पहुंचकर नाराजगी जतायी है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे गोविन्दराम गांव निवासी शिव प्रसाद गुप्ता पुत्र रामसमुझ ने सीओ को दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि आगामी पचीस नवंबर को उसके बेटे का विवाह होना है। पीड़ित का आरोप है कि उसके छोटे भाई अयोध्या की पत्नी वैवाहिक कार्यक्रम को लेकर दरवाजे पर माड़व आदि न लगाने को लेकर विवाद कर रही है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की लेकिन स्थिति यथावत बनी हुई है। दरवाजे पर वैवाहिक कार्यक्रम करने पर आरोपीगण ऐलानियां जानलेवा धमकी दे रहे हैं। मामले में कार्रवाई न होने व वैवाहिक कार्यक्रम के नजदीक होने से परेशान पीड़ित परिवार ने शुक्रवार को सीओ कार्यालय पर पहुंचकर नाराजगी जतायी है। सीओ के न मिलने से पीड़ितजन मायूस वापस लौट गये। प्रभारी एसओ अनिल कुमार यादव का कहना है कि दोनों पक्षों में जमीन का विवाद है। दोनों पक्षों को बुलवाया गया है, मामले का निस्तारण कराया जाएगा।

### चालक पर लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का केस दर्ज

**लालगंज।** कोतवाली पुलिस ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए दुर्घटना करने की घटना में चालक पर मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के भुवन का पुरवा मोठिन गांव निवासी प्रदीप सरोज पुत्र रामदीन सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में बीती दस नवंबर की शाम करीब साढ़े चार बजे उसका पुत्र निहाल सरोज बाइक से परिवार के सदस्यो के साथ खेत से घर की ओर आ रहा था। आरोप है कि भुवन का पुरवा तिराहा के पास बाइक चालक जसमेढ़ा निवासी ननकू उर्फ नन्चू पुत्र शिवप्रसाद मिश्र ने लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाते हुए टक्कर मार दी। जिससे गंभीर चोट लगने से पीडित का पुत्र निहाल घायल हो गया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया गया है।

# 05 उद्यमियों को डेमो चेक का किया गया वितरण

### उद्यान विभाग द्वारा जनपद स्तरीय सेमिनार/गोष्ठी/मेले का किया गया आयोजन

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** उद्यान विभाग द्वारा गुणवत्तायुक्त पान उत्पादन की प्रोत्साहन योजना तथा एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जनपद स्तरीय सेमिनार/गोष्ठी/मेले का आयोजन क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम की कोठी प्रतापगढ़ में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने उद्यान विभाग के स्टाल का अवलोकन कर सेमिनार का शुभारंभ किया। गोष्ठी/मेले में उपस्थित अतिथियों व कृषकों द्वारा लगाये गये स्टाल का अवलोकन भी किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा द्वारा मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, विधायक सदर प्रतिनिधि अरुण कुमार मौर्य एवं कृषि वैज्ञानिकों का बुके देकर स्वागत से हुई। सेमिनार का संचालन मो0 फाजिल द्वारा किया गया, जिन्होंने जनपद के विभिन्न विकास खण्डों से आए कृषकों, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।गोष्ठी में डॉ0 शंशाक शेखर सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक आचार्य नरेन्द्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज फैजाबाद, डा0 ए0के0 सिंह मुख्य वैज्ञानिक के0वी0के0 सुल्तानपुर, डा0 अवधेश सिंह के0वी0के0 कालाकांकर प्रतापगढ़ द्वारा किसानों को औद्यानिक एवं नकदी फसलों की खेती को तकनीकी रूप से करने का सुझाव दिया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा विस्तार से कृषकों को अपना अनुभव साझा करते हुए वैज्ञानिक विधि से खेती करने का अनुरोध किया गया। इस अवसर पर विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल व विधायक सदर प्रतिनिधि अरूण कुमार मौर्य ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। गोष्ठी के अन्त में जिला उद्यान अधिकारी द्वारा कार्यक्रम में आये हुए सभी सम्मानित अतिथियों एवं कृषकों तथा स्टाल में प्रतिभाग करने वाले विभागोंध्फर्मो का आभार व्यक्त किया गया। गोष्ठी में भूमि संरक्षण अधिकारी चमन सिंह, ए0आर0 को-आपरेटिव देवेन्द्र बर्मन, प्रबन्धक जिला अग्रणी बैंक सहित अन्य अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। लगभग 250 कृषकों ने मेले में प्रतिभाग कर तकनीकी जानकारी प्राप्त की। पी0एम0एफ0एम0ई0 योजनान्तर्गत 05 उद्यमियों को उपस्थित अतिथियों द्वारा चेक वितरण किया गया तथा 05 प्रगतिशील किसानों को भी मंच से सम्मानित किया गया।

# नगर पालिका भरवारी में 395 कर्मचारियों का पीएफ बहा महीनों तक अधिकारी सोते रहे

## कंपनी को ब्लैकलिस्ट कर सिक्योरिटी से पीएफ जमा कराने की मांग तेज

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी में 395 आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के पीएफ को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। भविष्य निधि जैसी संवेदनशील राशि महीनों तक या तो बहुत कम जमा की गई या कई कर्मचारियों का पीएफ भेजा ही नहीं गया, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि इतना बड़ा वित्तीय घोटाला होने के बाद भी नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे बैठे रहे। क्या अधिकारियों को पता नहीं था या फिर पता होते हुए भी आंखें मूंद ली गई कर्मचारी लगातार काम करते रहे, वेतन मिलता रहा, लेकिन उनके पीएफ का हिसाब गायब होता गया। टेंडर के तहत अर्चना एसोसिएट्स, गोरखपुर ने 395 कर्मचारियों की सप्लाई की, पर पीएफ भुगतान में भारी अनियमितता सामने आई जिससे कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ा, लेकिन नौकरी छूटने के डर से वे बोल नहीं पाए। अंत में शिकायत ईओ तक पहुंची। ईओ ने नोटिस भेजा लेकिन कार्रवाई अब तक अटकी क्यों 30 जुलाई 2024 को ईओ राम सिंह ने कंपनी को पीएफ कम भेजने और न भेजने पर नोटिस जारी किया, लेकिन कंपनी ने आज तक कोई जवाब नहीं दिया। सवाल उठता है इतनी बड़ी लापरवाही महीनों तक छुपी कैसे क्या पालिका अधिकारी अनजान थे, या इस खेल में शामिल कंपनी जवाब नहीं दे रही, फिर भी टेंडर समाप्त क्यों नहीं दूसरे राज्यों में पीएफ गड़बड़ी पर कंपनियों पर कड़ी कार्रवाई–यहां क्यों नहीं देश के कई राज्यों में पीएफ में गड़बड़ी पकड़े जाने पर कंपनियों की सिक्योरिटी जब्त, टेंडर समाप्त, और कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने की कड़ी कार्रवाई की गई है। कंपनियों की सिक्योरिटी राशि कर्मचारियों के ढखाकखातों में जमा कराई जाती है यही मॉडल यहां भी लागू हो सकता है।मांग तेज हुई कंपनी को ब्लैकलिस्ट कर सिक्योरिटी से पूरा पीएफ जमा कराया जाए आवाज उठ रही है कि अर्चना एसोसिएट्स को तत्काल ब्लैकलिस्ट किया जाए,कंपनी की सिक्योरिटी जब्त कर ढक्कबकी पूरी राशि कर्मचारियों के खातों में जमा कराई जाए नगर पालिका अधिकारियों की भूमिका की जांच की जाए यह सिर्फ आर्थिक अनियमितता नहीं है, बल्कि 395 परिवारों के भविष्य से खिलवाड़ है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस बड़े घोटाले पर कितनी तेजी से कार्रवाई करता है।

### करारी पुलिस के नाम पर महिला से 25 हजार की ठगी, शिकायत

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव की एक महिला से पुलिस के नाम पर शातिरों ने 25 हजार रुपये ठग लिए। बाद में काम कराया नहीं पुलिस से दूर-दूर रिश्ता नहीं है लेकिन फिर भी पूरे दिन पुलिस के नाम पर यह गैंग दलाली करता है गैंग से तकादा करने जाने पर गाली-गलौज करते हुए महिला की पिटाई अलग से की। पीड़िता ने शुक्रवार को मामले की शिकायत इंस्पेक्टर से करते हुए कार्रवाई की मांग की है। इब्राहिमपुर गांव की गुलजरिया देवी पत्नी देवनाथ लोधी ने बताया कि करीब दो साल पहले सरायअकिल के संड्वा पर निवासी व्यापारी के हाथ उसने 90 हजार रुपये में अपनी दो भैंस बेची थी। आरोप है कि व्यापारी भैंस खरीदने के बाद रुपया नहीं दे रहा था पीड़िता की मानें तो लगभग दो माह पहले करारी क्षेत्र के सालेपुर गांव में रहने वाले दो शातिरों ने उससे संपर्क किया और कहा कि व्यापारी से पुलिस का दबाव बनवाकर रुपया दिलवा दिया जाएगा। इसके बदले करारी पुलिस को 25 हजार रुपया देना पड़ेगा। आरोपियों ने पीड़िता से पुलिस के नाम पर 25 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद आज-कल करके मामले को टालते रहे। हाल ही में पीड़िता ने रकम वापसी के लिए कहा तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उसकी पिटाई कर दी। करारी इंस्पेक्टर सियाकांत चौरसिया का कहना है कि शिकायत मिली है। जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# ई-लाटरी के माध्यम से चयनित 14 कृषक कृषि यंत्रों से हुए लाभान्वित

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेन्ट ऑफ क्रॉप रेज्यू एवं सब मिशन ऑन एग्री कल्चरल मैकेनाइजेशन योजना अन्तर्गत कृषि यंत्रों का लाभ प्राप्त करने के लिए कृषकों के द्वारा दर्शन पोर्टल पर बुकिंग दिनांक-15.10.2025 से 29.10.2025 तक की गई थी, जिसमें कृषि यंत्र जैसे-कस्टम हायरिंग सेन्टर, रोटावेटर, कम्बाइन हार्वेस्टर विथ सुपर एस.एम.एस., मल्टी क्राप थ्रेसर, हैरो आदि यंत्रों की ई-लाटरी का आयोजन जिलाधिकारी के निर्देशानुसार आज उदयन सभागार में किया गया।कृषि यन्त्रीकरण की समिति द्वारा कृषि यंत्रों में लक्ष्य से अधिक बुकिंग वाले कृषक के यन्त्रवार ई-लाटरी की गयी, जिसमें विकासखण्ड-सिराथू के रामशंकर शुक्ल का चयन कस्टम हायरिंग सेन्टर यंत्र के लिए हुआ, जिसका मैसेज रामशंकर शुक्ल के मोबाइल पर प्राप्त हुआ। इसी प्रकार विकास खण्ड-सरसवां के ओम प्रकाश का चयन कस्टम हायरिंग सेन्टर तथा विकासखण्ड-चायल के मुन्ना सिंह का चयन रोटावेटर के लिए हुआ। जनपद के 14 कृषकों का चयन ई-लाटरी के माध्यम से हुआ तथा 82 कृषकों का नाम प्रतीक्षा सूची में है,जिसका मैसेज चयनित/प्रतीक्षारत कृषक के पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर स्वतः चला गया है, अगर किन्हीं कारणों से चयनित कृषक के द्वारा निर्धारित अवधि तक बिल अपलोड नहीं किया जाता है तो प्रतीक्षारत कृषक का स्वतः चयन हो जाएगा इस अवसर पर उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी, जिला उद्यान अधिकारी अवधेश मिश्र, जिला कृषि अधिकारी प्रबन्धक लीड बैंक नवीन झा, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, प्रगतिशील कृषक राम अभिलाष, गरिमा सिंह, गिरजा सिंह एवं राजेन्द्र प्रसाद आदि उपस्थित रहे।



# एसपी ने ली शुक्रवार की परेड की सलामी दिए अनुशासन व स्वच्छता के निर्देश

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा पुलिस लाइन कौशाम्बी में 21 नवम्बर को शुक्रवार की परेड की सलामी ली गई। तत्पश्चात टोलीवार परेड का निरीक्षण करते हुए उपस्थित समस्त पुलिस कर्मियों एवं प्रशिक्षु आरक्षियों के टर्नआउट का अवलोकन किया। परेड के दौरान पुलिसकर्मियों एवं प्रशिक्षु आरक्षियों को दौड़, पीटी अभ्यास एवं टोलीवार ड्रिल कराई गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा क्वार्टर गार्ड पर गार्ड की सलामी ली गई तथा गार्ड व गार्ड रूम का निरीक्षण कर साफ-सफाई व अनुशासन संबंधी आवश्यक निर्देश दिए गए।उसके बाद परेड पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन स्थित मेस में भोजन की गुणवत्ता आरटीसी बैरक, प्रशिक्षण कक्ष विभिन्न शाखाएँ, डीसीआर शस्त्रागार डायल-112 कार्यालय, परिवहन शाखा, प्रतिसार निरीक्षक कार्यालय एवं पुलिस बैरकों का निरीक्षण किया तथा साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन एवं प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### एटीएस ने 58 मदरसों से छात्रों-मौलवियों की लिस्ट मांगी

#### दिल्ली ब्लास्ट के बाद कौशांबी पुलिस अलर्ट एजेंसियों भी सक्रिय

**कौशांबी।** दिल्ली में 10 नवंबर को हुए बम धमाके के बाद उत्तर प्रदेश की सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट हो गई हैं। इसी क्रम में यूपी आतंकवाद निरोधी दस्ता (अळर) ने कौशांबी जिले के सभी मदरसों पर निगरानी बढ़ाते हुए छात्रों और स्टाफ से जुड़ी विस्तृत जानकारी मांगी है।एटीएस की ओर से यह सूचना जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के माध्यम से मांगी गई है। निर्देशों के अनुसार मदरसों में नामांकित छात्रों, उनके अभिभावकों, मौलवियों, प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों के नाम,पते और मोबाइल नंबर की पूर्ण सूची उपलब्ध कराने को कहा गया है। इसके साथ ही छात्रों और मौलवियों की कुल संख्या का विवरण भी अनिवार्य किया गया है। सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई सिर्फ कौशांबी तक सीमित नहीं है। प्रतापगढ़, हमीरपुर, बांदा, चित्रकूट, महोबा और फतेहपुर जिलों के मदरसों से भी इसी तरह का डेटा जुटाया जा रहा है। दिल्ली धमाके के बाद एटीएस इकाई लखनऊ और प्रयागराज लगातार सक्रिय है और सभी संबंधित जिलों को पत्र भेजकर सूचनाएं तलब की गई हैं। इसी क्रम में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी शालिनी रंजन ने बताया कि कौशांबी में कुल 58 मदरसे संचालित हैं, जिनमें 54 मान्यता प्राप्त और चार गैर-मान्यता प्राप्त हैं। सभी मदरसा प्रधानाचार्यों और प्रबंधकों को 19 नवंबर को पत्र जारी कर तीन दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।




# पुरुष नसबंदी पखवाड़ा जागरूकता रैली को सीएमओ ने दिखाई हरी झंडी

**कौशाम्बी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर में शुक्रवार दोपहर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से पुरुष नसबंदी पखवाड़े का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया। यह रैली मुख्य चौराहे तक भ्रमण कर वापस पीएचसी पर समाप्त हुई। सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने बताया कि इस पखवाड़े का मुख्य लक्ष्य समाज में नसबंदी को लेकर व्याप्त गलत धारणाओं को दूर करना है। उन्होंने कहा कि पुरुष नसबंदी के प्रति लोगों का रुझान कम है, जबकि सरकार इसके लिए 2000 रुपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान करती है। यह कार्यक्रम 4 दिसंबर तक चलेगा। डॉ. कुमार ने वैवाहिक प्रजनन स्वास्थ्य में सुधार और स्वस्थ व खुशहाल परिवार के निर्माण के लिए पुरुषों की सक्रिय भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुरुष नसबंदी एक सुरक्षित, सरल और महिलाओं की नसबंदी की तुलना में कम जोखिम वाली प्रक्रिया है।उन्होंने कि पुरुष नसबंदी में कम संसाधनों की आवश्यकता होती है और यह कुछ ही मिनटों में पूरी हो जाती है। इस प्रक्रिया का पुरुषों के स्वास्थ्य पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता है।स्वास्थ्य विभाग पुरुष नसबंदी को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं की तुलना में अधिक प्रोत्साहन राशि देता है। पुरुष नसबंदी कराने पर 2000 रुपये दिए जाते हैं, जबकि महिला नसबंदी पर 1400 रुपये की प्रोत्साहन राशि मिलती है।विभाग का उद्देश्य पुरुषों की झिझक को दूर कर उन्हें परिवार नियोजन कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करना है, ताकि परिवार नियोजन के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके।

## न्यूज झरोखा

### विश्व मात्स्यिकी दिवस पर आयोजित हुआ रिवर रैचिंग एवं गोष्ठी



कौशांबी। विश्व मात्स्यिकी दिवस पर आज प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड,हैदराबाद द्वारा प्रायोजित रिवर रैचिंग कार्यक्रम अन्तर्गत गंगा नदी के उजिहिनी खालसा घाट पर उत्तर प्रदेश मत्स्य विकास निगम लि. की त्रिवेणी हैचरी से 2.35 लाख भारतीय मेजर कार्प (रोहू कतला, नैन) प्रजाति की मत्स्य अंगुलिकाओं (साइज 80 से 100 एम.एम.) का संचय खण्ड विकास अधिकारी मूरतगंज गिरजेश प्रसाद एवं जिलाध्यक्ष निषाद पार्टी विजय कुमार निषाद द्वारा किया गया। रिवर रैचिंग उपरान्त गोष्ठी का आयोजन किया गया,जिसमें जिला मत्स्य अधिकारी द्वारा गोष्ठी में उपस्थिति मत्स्य पालकों, मछुआ समुदाय के व्यक्तियों एवं अन्य जनमानस को मत्स्य विभाग की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नदियों में मत्स्य संरक्षण के साथ-साथ मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देना तथा मत्स्य विभाग में संचालित समस्त योजनाओं को जनमानस तक पहुँचाना है कार्यक्रम में पी.के०. शुक्ला जिला मत्स्य अधिकारी, अभिषेक वर्मा मत्स्य निरीक्षक, ब्रजेश सिंह मत्स्य विकास अधिकारी एवं मत्स्य पालक तथा मछुआ समुदाय के लोग उपस्थित रहें।

### एसआईआर को लेकर कांग्रेस जिले भर में चलाएगी जागरूकता अभियान



**कौशांबी।** विधानसभा चायल के ग्राम सभा सैय्यद सरॉवा के कैंप कार्यालय में जिलाध्यक्ष गौरव पांडे के नेतृत्व में वरिष्ठ कांग्रेस नेता हंजला उस्मानी की उपस्थिति में एसआई आर के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई।इस मौके पर हंजला उस्मानी द्वारा बैठक में उपस्थित कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकताओं को एसआई आर से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई व बीएलओ से मिलकर अपने अपने प्रभार क्षेत्र में गांव गांव उपस्थित होकर लोगो के सही तरीके से फॉर्म भरवाने के लिए आग्रह किया।किसी भी प्रकार की समस्या के लिए तत्काल जिलाध्यक्ष को अवगत कराने के लिए कहा।इस मौके प्रदेश प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी अलीम उल्ला ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए एसआई आर को लेकर बूथ बूथ जाकर फॉर्म भरवाने के लिए जनता का सहयोग करने का आवाहन किया।इस मौके पर पार्टी पदाधिकारी के रूप में वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व प्रदेश सचिव राम बहादुर त्रिपाठी, प्रदेश सचिव प्रभारी कौशाम्बी राजेश साहनी,जिला उपाध्यक्ष उदय यादव,जिला महासचिव श्याम सिंह भदौरिया, नूरूत जमा, सोशल मीडिया अध्यक्ष सचिन पांडे,किसान कांग्रेस अध्यक्ष समर कोईलहा, सिराथू ब्लॉक अध्यक्ष राम प्रकाश पंडा,सोनू यादव,मो० हारान समेत पार्टी के तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शीत लहर के दृष्टिगत सीएमओ ने एडवाइजरी की जारी

**कौशांबी।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार ने शीत लहर के दृष्टिगत जनमानस को सचेत करने एवं बचाव संबंधी एडवाइजरी जारी किया है। शीत लहर एक मौसम संबंधी घटना है,जो सतह के पास हवा के तापमान में तेज गिरावट के कारण होती है, जिसके कारण निम्न गतिविधियां उत्पन्न होती हैं जैसे-तापमान का अत्यंत न्यूनतम हो जाना, वायुदाब में तीव्र वृद्धि एवं हवा की गति का मजबूत होना आदि है। उन्होंने शीत लहर की परिभाषा बताया है भारतीय मौसम विभाग के अनुसार मैदानी इलाकों में जब किसी स्टेशन का न्यूनतम तापमान 10ट्ट या उससे कम हैं, कोई भी मानदंड पूरा करते हैं। शीत लहर जब न्यूनतम तापमान 4ट्ट से कम हो एवं गम्भीर शीत लहर जब न्यूनतम तापमान 2ट्ट से कम हो। शीत लहर (नवंबर से मार्च) दिसंबर एवं जनवरी में अधिकतम शीत लहर होती है।शीत लहर का स्वास्थ्य पर प्रभाव यदि सावधानी न बरती जाय तो अत्यधिक ठंड से स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव और मृत्यु भी हो सकती है। हाइपोथर्मिया एक चिकित्सीय आपात स्थिति है, जिसमें शरीर का आंतरिक तापमान 95° F (35° c) से नीचे चला जाता है। यदि किसी व्यक्ति का शारीरिक तापमान बारिश में भीगने के कारण, पसीना या ठंडे पानी में डूबने के कारण कम हो जाता है, तो वातावरण के कम ठंडे तापमान के बावजूद व्यक्ति जानलेवा हाइपोथर्मिया का शिकार हो सकता है। हाइपोथर्मिया होने की सबसे अधिक प्रवृति वृद्ध व वयस्क जिनके पास अपर्याप्त भोजन, कपडे, या गर्मी प्रदान करने वाले साधन न हो, ठंडे शयनकक्ष में सोने वाले शिशु, लंबे समय तक बाहर रहने वाले लोग जैसे-बेघर, पैदल यात्री, शिकारी एवं शराब या अवैध दवाओं का सेवन करने वाले व्यक्ति में हाईपोथर्मिया के लक्षण वयस्क व्यक्ति में दिखे ठण्ड से कापना, थकावट या बहुत अधिक थकान महसूस होना, भ्रम होना, स्मरणशक्ति की कमी, अस्पष्ट उच्चारण करना एवं सुस्ती व अधिक नींद आना आदि।शिशु में-चमकदार लाल व ठंडी त्वचा एवं ऊर्जा की कमी आदि। हाइपोथर्मिया में प्राथमिक चिकित्सा में व्यक्ति को गर्म कमरे या आश्रय में ले जाएं और कपड़े बदलें, गीले कपड़े तुरंत हटा दें। व्यक्ति के शरीर को कंबल, कपड़े, तौलिये या चादर की सूखी परतों से गर्म करें। शरीर का तापमान बढ़ जाने में मदद के लिए गर्म पेय पदार्थ दें, लेकिन मादक पेय न दें। किसी बेहोश व्यक्ति को पेय पदार्थ न दें। शरीर का तापमान बढने के बाद व्यक्ति को सूखा रखें और उसके सिर और गर्दन सहित शरीर को गर्म कम्बल में लपेट दें। जितनी जल्दी हो सकें,व्यक्ति को उचित चिकित्सा सहायता दिलाएं। गंभीर हाइपोथर्मिया से पीड़ित व्यक्ति बेहोश हो सकता है और उसकी नाड़ी चल ही नहीं सकती या सांस लेने की अवस्था में नहीं हो सकता हैं, उस स्थिति में व्यक्ति को सावधानीपूर्वक संभालें और तुरंत आपातकालीन सहायता उपलब्ध करायें।

### नाबालिग से छेड़खानी के अभियुक्त को 02 वर्ष का कठोर कारावास

#### 5 हजार रुपए के अर्थ दण्ड से अदालत ने किया दण्डित

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र में 16 अगस्त 2020 को एक नाबालिग बालिका के साथ आरोपी छोटू उर्फ मोहम्मद रईस अफरीदी द्वारा छेड़खानी करते हुये जाति सूचक गाली दी गयी है थाना पर मु0अ0सं0 544/ 20 धारा 354ग/ 354घ/ 504/ 506 भादवि व 7/8 पॉक्सो एक्ट एवं 3(2)5क/3(1)ध एससी/एसटी एक्ट पंजीकृत हुआ जिसमें विवेचना के उपरान्त आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल हुआ जिससे सम्बन्धित अभियुक्त छोटू उर्फ मोहम्मद रईस अफरीदी पुत्र अनीस अहमद निवासी चिकवन का पुरा मजरा कसिया पूरब थाना कोखराज को 21.11.2025 को न्यायालय स्पे0 जज पॉक्सो एक्ट जनपद कौशाम्बी द्वारा अभियुक्त को 02 वर्ष के कठोर कारावास व 5000 /- रू0 के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

# राजकीय हाई स्कूल राला में कैरियर मेला का आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

### डॉ भूपेंद्र त्रिपाठी मुख्य अतिथि ने माँ सरस्वती को दीप प्रज्वलित कर करियर मेले का किया शुभारंभ



**कोखराज कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के राला ग्राम में स्थिति राजकीय हाई स्कूल राला में कैरियर मेला का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि डॉ भूपेंद्र त्रिपाठी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने माँ सरस्वती को दीप प्रज्वलित कर कैरियर मेले का शुभारंभ किया डॉ भूपेंद्र त्रिपाठी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने बच्चों को उनके जीवन से सम्बंधित शिक्षा व रोजगार के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने कहा कि शिक्षा एक ऐसा धन हैं कि इसको कभी खत्म नही किया जा सकता शिक्षा से ही हमारे नवजवान सेना के जवान ,जिले के कप्तान, जिलाधिकारी, अध्यापक,वैज्ञानिक, व समस्त चीजों को पाने की शक्ति है डॉ भूपेंद्र त्रिपाठी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि मेरे जीवन में मैं डॉ ए पी जी अब्दुल कलाम के बारे में जानकारी देते हुए बच्चों से कहा कि वह हरदम यही कहते थे कि सपने हरदम बड़े ही देखना चाहिए और कोई भी लक्ष्य बड़ा नही होता केवल सोच बड़ी होनी चाहिए डॉ कलाम देश के गौरव थे उनके एक एक शब्द भारत देश के नवयुवकों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं वह हमारे देश को जिस ऊँचाई पर छोड़कर गए है उसका कोई तोड़ नही है कैरियर मेले की अध्यक्षता कर रही प्रधानाचार्या डॉक्टर प्रतिभा रानी शर्मा ने मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ व साल ओढा कर स्वागत किया बच्चों के उज्वल भविष्य के बारे में मेले के माध्यम से जानकारी दिया मौके पर वरिष्ठ शिक्षिका प्रधानाचार्या श्रीमती सुजाता वर्मा राजकीय हाई स्कूल पनसौर व शिक्षिका श्रीमती शोभा सिंह,श्रीमती विजय कुमारी, श्रीमती अर्चना,प्रधान प्रति निधि मुजाहिद आदि गणमान्य लोगों की उपस्थिति में कैरियर मेला सम्पन्न हुआ।

### लूट के खुलासे पर सर्राफा व्यापार मंडल ने पुलिस का आभार प्रकट कर किया सम्मानित




**कौशांबी।** थाना सराय अकिल अन्तर्गत 19 नवंबर को हुयी सरार्फा व्यापारी से लूट की घटना का 24 घण्टे के अन्दर सफल अनावरण, गिरफ्तारी व लूटा गया शत प्रतिशत माल बरामद किए जाने पर जिले के सरार्फा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों व्यापारियों द्वारा पुलिस कार्यायल में पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी मंझनपुर शिवांक सिंह व क्षेत्राधिकारी चायल अभिषेक सिंह को पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। व्यापारियों द्वारा 24 घंटे के अंदर घटना का खुलासा करने के लिए बधाई दी गई एवं आभार प्रकट किया गया। व्यापारियों ने पुलिस की इस त्वरित व प्रभावी कार्यवाही की सराहना करते हुए कहा कि इससे जनपद में व्यापारियों तथा आमजन का विश्वास पुलिस पर और मजबूत हुआ है। पुलिस अधीक्षक द्वारा व्यापारियों को आश्वस्त किया गया कि जनपद में व्यापारियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा भविष्य में भी इसी प्रकार प्रभावी कार्यवाही जारी रहेगी।

### यातायात पुलिस एवं महेवाघाट पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से चलाया गया चेकिंग अभियान

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के निर्देशन में 21 नवम्बर को यातायात पुलिस टीम एवं थाना महेवाघाट पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान संचालित किया गया।अभियान के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई।सड़क सुरक्षा हेतु पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया।आवश्यक दिशाझनिर्देश प्रदान कर सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित किया गया।कौशाम्बी पुलिस द्वारा यह अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है ताकि जनपद में सुरक्षित एवं सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

# साइबर अपराध मिशन शक्ति केंद्र एवं थाने के सीयूजी नंबर की दी गई जानकारी

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** मिशन शक्ति अभियान के तहत शुक्रवार को पूरे जिले की थाना पुलिस द्वारा व्यापक पैमाने पर अभियान चलाया गया और साइबर अपराध मिशन शक्ति केंद्र एवं थाने के सीयूजी नंबर की जानकारी दी गई एंटीरोमियो चेकिंग एवं महिला शिकायतों की काउंसलिंग भी की गई।थाना चरवा महिला उप निरीक्षक पूनम कबीर व कांस्टेबल संदीप द्वारा ग्राम काजू एवं विद्यालय में जाकर छात्राओं एवं महिलाओं को गुड टचझबैड टच, साइबर सुरक्षा, नए कानूनों एवं सभी हेल्पलाइन नंबर की विस्तृत जानकारी दी गई।थाना कड़ाधाम उ0नि0 रवि मौर्य, उ0नि0 मुकेश यादव, म0उ0नि0 निधि वर्मा एवं म0का0 अंजली द्वारा कुबरी घाट व शीतलाधाम मंदिर पर महिला सशक्तिकरण, साइबर अपराध महिला हेल्पडेस्क एवं एंटीरोमियो स्क्वाड के कार्यों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। थाना मंझनपुर महिला उप निरीक्षक राखी विश्वकर्मा एवं महिला आरक्षी नंदिनी तिवारी द्वारा ओसा क्षेत्र व कस्बे में महिलाओं व बालिकाओं को नारी सुरक्षा, साइबर जागरूकता एवं हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी गई।महिला थाना एंटीरोमियो स्क्वाड द्वारा क्षेत्र भ्रमण करते हुए शोहदों की चेकिंग की गई एवं जूनियर विद्यालय बंधवा रजवर में छात्राओं एवं महिलाओं को ि१ङ्क ऋक्रफ़ ए-ऋक्रफ़ इठर एवं इठरर कानूनों की जानकारी दी गई। थाना कोखराज एंटीरोमियो स्क्वाड द्वारा विद्यालय में छात्राओं को नारी सुरक्षा, साइबर जागरूकता एवं हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी गई।महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1090 वीमेन पावर हेल्पलाइन 102 स्वास्थ्य सेवा 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन 181 महिला हेल्पलाइन सभी स्थानों पर बताए गए एसपी ने कहा कि जनपद कौशांबी पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए ऐसे जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

# मिशन शक्ति व साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम



**कौशांबी** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के निर्देशन में जिले में मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत जनपद कौशांबी के विभिन्न थानों द्वारा महिला सशक्तिकरण, साइबर सुरक्षा एवं नारी सम्मान के उद्देश्य से व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधिकारियों के कुशल निर्देशन में एंटीरोमियो स्क्वाड एवं मिशन शक्ति टीम ने गांवों, विद्यालयों, कस्बों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं, छात्राओं व बालिकाओं को सुरक्षा, कानून एवं हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया।थाना संदीपन घाट उप निरीक्षक उमानंद पांडे, उ0नि0 सुनीता गोयल एवं म0हे0का0 अंजू मौर्या द्वारा ग्राम गोलकैया में महिलाओं व बालिकाओं को नारी सशक्तिकरण, नए कानूनों एवं साइबर सुरक्षा की जानकारी दी गई। एंटीरोमियो टीम व मिशन शक्ति के अंतर्गत सभी हेल्पलाइन नंबर एवं थाना उवक्ष्र नंबर समझाकर जागरूक किया गया।थाना पश्चिम शरीरा म.का. बंदना यादव व म.का. श्वेता मिश्रा सहित एंटीरोमियो टीम द्वारा कस्बा पश्चिम सरीरा एवं बैंक क्षेत्र में भ्रमण कर बालिकाओं एवं महिलाओं को गुड टचझबैड टच, विधिक सहायता, साइबर सुरक्षा एवं मिशन शक्ति केंद्र की जानकारी दी गई।थाना कौशांबी उ0नि0 अवधेश शुक्ला, म0का0 स्वाती यादव एवं म0का0 ललिता यादव द्वारा कोसम खिराज में जाकर बालिकाओं एवं महिलाओं को साइबर अपराध, नए तीन कानूनों, महिला हेल्पडेस्क एवं एंटीरोमियो टीम के कार्यों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। सार्वजनिक स्थानों पर पंपलेट भी चस्पा किए गए। थाना महेवाघाट उ0नि0 विजय कुमार व म0आ0 स्मिता द्वारा क्षेत्र में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को समूह में साइबर सुरक्षा, नारी सम्मान एवं हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया।थाना सराय अकिल उ0नि0 सुनील कुमार यादव, म0उ0नि0 यशवन्ती कुमारी, म0आ0 सुधा विश्वकर्मा एवं म0आ0 शिप्रा राजपूत द्वारा बालिकाओं को नए कानून बीएनएस बीएनएसएस की जानकारी दी गई।

# उपेक्षित संवेदनाओं और अनदेखें संघर्षों का सच

## सम्पादकीय

### सड़क पर उतरने की तैयारी में कांग्रेस

**बिहार** चुनाव में हार के बाद एक बार फिर कांग्रेस के पतन की भविष्यवाणी होने लगी है। कई स्वनामधन्य पत्रकारों ने विश्लेषण करना शुरू कर दिया है कि राहुल गांधी जिन राज्यों में चुनाव प्रचार के लिए जाते हैं, वहां कांग्रेस को किस तरह हार मिलती है। ऐसा लगता है मानो बिहार में भाजपानीत एनडीए की जीत नहीं, महागठबंधन की हार इनके लिए ज्यादा मायने रखती है। अब यह सबका अपना विवेक है कि वे बिहार के चुनाव परिणामों का विश्लेषण किस तरह करते हैं। लेकिन इस बीच कांग्रेस ने मौजूदा हाल पर गहन मंथन शुरू कर दिया है। एक तरफ कांग्रेस ने सांगठनिक स्तर पर कार्रवाई आरंभ की है, तो दूसरी तरफ चुनावी धांधली के खिलाफ सड़कों पर उतरने की उसकी तैयारी है।


कांग्रेस विरोधियों को यह देखकर निराशा हो सकती है कि 14 नवंबर को आए नतीजों के चार दिन बाद ही कांग्रेस ने एक बड़ी बैठक बुला ली। हार से परेशान होकर उसके नेता घरों में बंद नहीं हुए। बल्कि इन परिणामों की समीक्षा कर नयी रणनीति बनाने में जुट गए। मंगलवार 18 नवंबर को दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय में उन 12 राज्यों के एआईसीसी महासचिवों, कांग्रेस प्रभारियों, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों समेत बड़े पदाधिकारियों की एक बैठक हुई, जहां अभी चुनाव आयोग विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया चला रहा है। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तो थे ही, राहुल गांधी भी इसमें शामिल हुए। बता दें कि अपने दैनिक एसआईआर बुलेटिन में चुनाव आयोग ने कहा था कि 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 50.11 करोड़ गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। इन राज्यों में तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। जिसमें पुडुचेरी के अलावा बाकी तीनों राज्यों में एसआईआर के खिलाफ राज्य सरकारों ने आपत्ति दर्ज कराई है। तमिलनाडु और प.बंगाल से एसआईआर रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है और इन राज्यों की याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई भी हुई है। वहीं केरल सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट में एसआईआर रोकने की याचिका दायर की है। याचिका में केरल सरकार ने एसआईआर प्रक्रिया को राज्य में चल रही स्थानीय स्वशासन संस्थाओं (एलएसजीआई) की चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक रोकने की मांग की है। गौरतलब है कि केरल में स्थानीय निकाय चुनाव दो चरणों में 9 दिसंबर और 11 दिसंबर को कराए जाएंगे, जबकि राज्य में 4 नवंबर से एसआईआर प्रक्रिया शुरू हो गई है और 4 दिसंबर को ड्राफ्ट प्रकाशित किया जाएगा। केरल सरकार का तर्क है कि केरल पंचायत राज कानून संवैधानिक प्रक्रिया है और इस अहम प्रक्रिया के दौरान एसआईआर कराना, प्रशासनिक गतिरोध पैदा हो सकता है। जबकि तमिलनाडु में अधिकारी और कर्मचारी ही एसआईआर का विरोध कर रहे हैं। तमिलनाडु के बूथ स्तर के अधिकारी बीएलओ के साथ ही तहसीलदार स्तर तक के अधिकारियों ने मंगलवार से बहिष्कार का ऐलान किया था। तमिलनाडु राजस्व कर्मचारी संघों के संगठन ने कहा कि वे काम का बोझ, कम लोग, समयबद्ध दबाव, अधूरी ट्रेनिंग और मेहनताने के विरोध में प्रदर्शन करेंगे।

-ललित गर्ग-

**महिला** दिवस की तर्ज पर ही पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस भी मनाया जाने लगा है। पहला अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस 1999 में 19 नवंबर को डॉ. जेरोम टीलकसिंह ने त्रिनिदाद और टोबैगो में मनाया था। दुनिया के 30 से अधिक देशों में यह दिवस मनाया जा रहा है। यह केवल पुरुषों का उत्सव नहीं, बल्कि बदलते सामाजिक परिदृश्य में उनकी स्थिति, संघर्षों और मनोभावों को समझने का मौका है। जैसे स्त्रियाँ वर्षों से असमानता, उपेक्षा और अन्याय के बोझ से जूझती रही हैं, वैसे ही आज पुरुष भी कई स्तरों पर अपने शोषण एवं उत्पीडित होने की बात उठा रहे हैं। महिलाओं की ही भांति अब पुरुषों पर भी उपेक्षा, उत्पीड़न एवं अन्याय की घटनाएं पनपने की बात की जा रही है। वे भी दबाव, अवसाद और सामाजिक पूर्वाग्रहों का सामना कर रहे हैं। दुर्भाग्य यह है कि पुरुषों की पीड़ा, उनके संघर्ष और उनकी संवेदनाएँ उतनी चर्चा का विषय नहीं बनते, जितना कि वे बनना चाहिए। यह दिन हमें स्मरण कराता है कि समाज केवल स्त्रियों से ही नहीं, पुरुषों से भी बनता है और किसी एक की उपेक्षा पूरे संतुलन को बिगाड़ देती है। 2025 के लिए इस दिवस की थीम ह्यपुरुषों और लड़कों का उत्सवह्ण है।

आज का पुरुष बदलते समय के साथ एक दोहरी चुनौती से जूझ रहा है-एक ओर उससे पारंपरिक भूमिकाओं को निभाने की अपेक्षा की जाती है, दूसरी ओर नये सामाजिक ढाँचों में भावनात्मक रूप से अधिक संवेदनशील, सहयोगी और सहचर होने का दबाव है। संघर्ष यह है कि इस परिवर्तन में उसकी पीड़ा, द्वंद्व और टूटन को गंभीरता से नहीं सुना जाता। उसे मजबूत, कठोर और समस्यारहित मान लेने का भ्रम उसकी वास्तविक जरूरतों को छिपा देता है। यही कारण है कि आधुनिक पुरुष स्वयं को कई बार दोयम दर्जे की स्थिति में पाता है-एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जिसे समाज जिम्मेदारी तो देता है, पर अधिकार और संवेदना नहीं। पुरुषों पर हो रहे अत्याचारों की अनदेखी भी चिंताजनक है। घरेलू हिंसा, झूठे मुकदमे, अभिभावकत्व के अधिकारों से वंचित होना, मानसिक प्रताड़ना, कार्यस्थलों पर उत्पीड़न-ये सब वास्तविक समस्याएँ हैं, जिन्हें अक्सर मजाक या अतिशयोक्ति कहकर टाल दिया जाता है। पुरुष के दर्द को ह्यमर्द को दर्द नहीं होताह्ण जैसी रूढ़ि निगल जाती है। जबकि सच यह है कि भारत में पुरुष भी आत्महत्या, अवसाद और मानसिक दबाव के शिकार बन रहे हैं। कई रिपोर्टों में यह तथ्य सामने आया है कि अवसाद और आत्महत्या के मामलों में पुरुषों की संख्या महिलाओं की तुलना में अधिक है, पर इस पर चर्चा समाज की प्राथमिकता नहीं बनती। यह उपेक्षा न केवल अमानवीय है, बल्कि समाज के संतुलन को खतरे में डालने वाली भी है।

कुछ वर्ष पूर्व भारत में सक्रिय अखिल भारतीय पुरुष एशोसिएशन ने भारत सरकार से एक खास मांग की कि महिला विकास मंत्रालय की भांति पुरुष विकास मंत्रालय का भी गठन किया जाये। इसी तरह यूपी में भारतीय जनता पार्टी के कुछ सांसदों ने यह मांग उठाई थी कि राष्ट्रीय महिला आयोग की तर्ज पर राष्ट्रीय पुरुष आयोग जैसी भी एक संवैधानिक संस्था बननी चाहिए। इन सांसदों ने इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखा था। पत्र लिखने वाले एक सांसद हरिनारायण राजभर ने उस वक्त यह दावा किया था कि पत्नी प्रताड़ित कई पुरुष जेलों में बंद हैं, लेकिन कानून के एकतरफा रुख और समाज में हंसी के डर से वे खुद के ऊपर होने वाले घरेलू अत्याचारों के खिलाफ आवाज नहीं उठा रहे हैं। प्रश्न है कि आखिर पुरुष इस तरह की अपेक्षाएं क्यों महसूस कर रहे हैं? लगता है पुरुष अब अपने ऊपर आघातों एवं उपेक्षाओं से निजात




चाहता है। तरह-तरह के कानूनों ने उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को धुंधलाया है। जबकि आज बदलते वक्त के साथ पुरुष अब अधिक जिम्मेदार और संवेदनशील हो चुका है। कई युवा पुरुष समाज-निर्माण की बड़ी जिम्मेदारियों को उठा रहे हैं और अपनी काबिलीयत व जुनून से यह साबित भी कर रहे हैं। समाज हमेशा पुरुष से अपेक्षा करता है कि वह परिवार की रीढ़ बने, आर्थिक व भावनात्मक उत्तरदायित्व निभाए, कठिनाई में ढाल की तरह खड़ा रहे। लेकिन जब वही पुरुष कमजोर पड़ता है, टूटता है, या न्याय चाहता है, तो वह उपेक्षित कर दिया जाता है। पुरुष को यह अधिकार मिलना ही चाहिए कि वह अपनी पीड़ा कह सके, अपने अधिकारों की रक्षा कर सके और गलत आरोपों से मुक्त हो सके। जैसे महिलाओं के लिए सुरक्षा और न्याय के तंत्र बनाए गए, वैसे ही पुरुषों के लिए भी कुछ संवेदनशील और न्यायपूर्ण व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता है। यह समझना आवश्यक है कि पुरुष समाज के निर्माण का अभिन्न हिस्सा है-वह पिता है, पति है, पुत्र है, भाई है, मित्र है। उसकी उपस्थिति के बिना किसी भी परिवार या समाज की कल्पना अधूरी है। वह जिम्मेदारियों से भरा हुआ व्यक्ति है, लेकिन इसी वजह से वह सबसे अधिक दबाव और अपेक्षाओं का भार उठाता है। यह भी सच है कि पुरुष ही समाज के विकास, विज्ञान, कला, परिश्रम और संरचना के बड़े हिस्से का वाहक रहा है। लेकिन इस योगदान के बावजूद, आज पुरुषों की समस्याओं के प्रति संवेदना बढ़ाने की आवश्यकता है।

अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस का संदेश यही है कि महिलाओं के समान ही पुरुषों की भी गरिमा, सुरक्षा, सम्मान और संवेदनाओं की रक्षा की जानी चाहिए। लैंगिक समानता का अर्थ केवल महिलाओं को सशक्त बनाना नहीं, बल्कि पुरुषों पर बने अनुचित पूर्वाग्रहों को भी तोड़ना है। एक स्वस्थ, संतुलित समाज वही है जिसमें दोनों लिंगों की समस्याओं को समान रूप से सुना और समझा जाए। पुरुषों को कठोरता की बेड़ियों से मुक्त कर, उनके भावनात्मक अस्तित्व को स्वीकार करना समय की मांग है। पुरुष दिवस हमें जागरूक करता है कि सह-अस्तित्व, सहयोग, संवाद और करुणा ही पुरुष-स्त्री के संबंधों का वास्तविक आधार हैं। पुरुष और स्त्री एक-दूसरे के विरोधी नहीं, पूरक हैं। इसलिए उनकी समस्याओं, अधिकारों और जिम्मेदारियों को भी पूरक दृष्टि से ही देखा जाना चाहिए। जब समाज पुरुष की पीड़ा को भी उतनी ही गंभीरता से सुनेगा, जितनी वह स्त्री के आर्तनाद पर देता है, तभी हम सच्चे अर्थों में संतुलित और मानवीय समाज का निर्माण कर पाएँगे।

महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा को रोकने के लिए कठोर कानून भी बने हैं, लेकिन पुरुष भी घरेलू हिंसा का शिकार होते हैं। भारत में अभी तक ऐसा कोई सरकारी अध्ययन या सर्वेक्षण नहीं हुआ है जिससे इस बात का पता लग सके कि घरेलू हिंसा में शिकार पुरुषों की तादाद कितनी है लेकिन कुछ गैर सरकारी संस्थान इस दिशा में जरूर काम कर रहे हैं। ह्यसेव इंडियन फैमिली फाउंडेशनह्ण और ह्यमाई नेशनह्ण नाम की गैर सरकारी संस्थाओं के एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि भारत में नब्बे फीसद से ज्यादा पति तीन साल की रिलेशनशिप में कम से कम एक बार घरेलू हिंसा का सामना कर चुके होते हैं। वे भी अपने अस्तित्व की सुरक्षा एवं सम्मान के लिये आवाज उठाना चाहते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस इसलिए महत्त्वपूर्ण है कि यह पुरुष को उसके वास्तविक स्वरूप में देखने, समझने और सम्मान देने का अवसर देता है-एक ऐसे मानव के रूप में, जो जिम्मेदार भी है, संवेदनशील भी; जो मजबूत भी है, पर टूट भी सकता है; जो देता ही नहीं, पाने की भी अपेक्षा रखता है। पुरुष की इस नई समझ के बिना मानवीय समाज की कल्पना संभव नहीं है। यह ऐसा एक वैश्विक उत्सव है जो पुरुषों के सकारात्मक योगदान और उपलब्धियों का जश्न मनाता है, साथ ही पुरुषों के स्वास्थ्य, कल्याण और लैंगिक समानता को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करता है। यह दिन पुरुषों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का समर्थन करने वाली चचाओं और कार्यों को बढ़ावा देने, सकारात्मक रोल मॉडल को प्रोत्साहित करने और अधिक समावेशी समाज की वकालत करने का अवसर प्रदान करता है।

# बिहार चुनावों में लगे झटके से इंडिया को उचित सबक लेना चाहिए

नित्य चक्रवर्ती

**हर** राज्य के चुनाव के लिए एक अलग चुनावी रणनीति की जरूरत होती है। केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के लिए चुनावी परिदृश्य तय हैं, लेकिन असम में यह अभी भी अस्थिर है। अभी तो बस एक कदम आगे बढ़ा है, असम में इंडिया ब्लॉक की अंतिम जीत के लिए कुछ और कदम उठाने की जरूरत है। दिल्ली के बाद 2025 में होने वाला एक और विधानसभा चुनाव भाजपा ने जीत लिया है। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने बिहार विधानसभा चुनावों में भारी जीत हासिल की है और 243 सदस्यीय राज्य विधानसभा में एनडीए के घटकों की जीत ने राजद और इंडिया ब्लॉक के अन्य घटकों को चौंका दिया है। एनडीए को 202 सीटें मिली हैं, जबकि महागठबंधन को 35 और अन्य को छह सीटें।

ऐसे समय में जब तेजस्वी यादव को महागठबंधन का संभावित मुख्यमंत्री घोषित किए जाने के बाद इंडिया ब्लॉक में भारी उत्साह था और राहुल गांधी के नेतृत्व में एसआईआर के खिलाफ आंदोलन ने चुनाव आयोग और केंद्र के खिलाफ एक बड़े आंदोलन का रूप ले लिया था, महागठबंधन की रणनीति और चुनाव अभियान में क्या गलती हुई? इसका आकलन इंडिया ब्लॉक के नेताओं और उनके थिंक टैंक को सावधानीपूर्वक करना होगा। सबसे पहले, 2025 के इस चुनाव ने मुख्यमंत्री का पुनर्वास कर दिया है। उनके पास कहावत के अनुसार नौ जन्म हैं। भाजपा को अकेले सबसे ज्यादा 89 सीटें मिली हैं, जबकि जदयू को 85 सीटें। लेकिन नीतीश कुमार को पूरी शक्तियों के साथ शपथ दिलाई जानी है और राज्य भाजपा नेतृत्व को तब तक लंबा इंतजार करना होगा जब तक जदयू सुप्रीमो शारीरिक रूप से स्वस्थ रहते हैं।

दूसरी बात, नीतीश कु मार की वजह से महिलाओं का समर्थन निश्चित रूप से एनडीए के पक्ष में गया है। चुनाव से कुछ दिन पहले महिलाओं के लिए अतिरिक्त धनराशि की घोषणा का बड़ा असर हुआ। नीतीश कु मार सत्ता में थे, इसलिए उन्हें रेवड़ियों का पहला फायदा मिल सकता था। राजद नेता की बाद की घोषणा उस प्रभाव को हासिल करने में विफल रही। वास्तव में, चुनावों में महिलाओं की भागीदारी और उनके मताधिकार का आक्रामक रूप से दावा, महिलाओं को नकद हस्तांतरण सहित विभिन्न महिला-केंद्रित योजनाओं का परिणाम है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बंगाल में दिखाया है कि राजनीतिक लाभ पाने के लिए इसे राज्य में कितनी प्रभावी




ढंग से लागू किया जा सकता है।

तीसरी बात, एसआईआर पर रणनीति का समग्र रूप से इंडिया ब्लॉक द्वारा उचित मूल्यांकन किया जाना चाहिए। कांग्रेस को केवल 6 सीटें मिलीं - इससे बिहार में कांग्रेस के संगठनात्मक कद का पता चलना चाहिए, जिसने लगातार राजद से अधिक सीटों के लिए सौदेबाजी की। राजद महागठबंधन का नेता था। इसलिए एनडीए की भारी जीत से उसे सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। लेकिन मतदान के आंकड़ों से पता चलता है कि राजद को भाजपा से ज्यादा वोट मिले। राजद में क्षमता है और यही वह पार्टी है जो 2025 के चुनाव अभियान में अपनी कमजोरियों का आकलन करके वापसी कर सकती थी। इसी तरह, भारी हार झेलने वाली भाकपा (माले)एल को यह आकलन करना होगा कि 2020 का उसका आधार कुछ हद तक कम हो गया है। पार्टी ने अपने उम्मीदवारों के साथ-साथ अन्य महागठबंधन उम्मीदवारों के लिए भी कड़ी मेहनत की। भाकपा (माले)एल के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य को 2025 के चुनावों में अपनी पार्टी और महागठबंधन के खराब प्रदर्शन की गहराई से जांच करनी होगी। यह स्पष्ट है कि प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी और ओवैसी की एआईएमआईएम ने महागठबंधन के वोट, खासकर राजद के वोट काटे। संसदीय लोकतंत्र में चुनावों के दौरान ऐसी बातें होती रहती हैं। लेकिन महागठबंधन को असली झटका चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रालोद) से लगा, जो अपने दलित वोट एनडीए उम्मीदवारों को हस्तांतरित कर सकी। 21 सीटों के साथ, चिराग पासवान राज्य और केंद्र, दोनों ही राजनीति में शक्तिशाली हो गए हैं। हालांकि इंडिया ब्लॉक और महागठबंधन नेतृत्व से महागठबंधन की हार के लिए जिम्मेदार कारकों पर आत्ममंथन करने की उम्मीद की जा रही है, लेकिन भाजपा के लिए यह उनके गौरव का क्षण है। हालांकि केंद्रीय नेता बिहार में एनडीए की निश्चित जीत की बात कर रहे थे, लेकिन निजी तौर पर वे चिंतित थे। एसआईआर के खिलाफ आंदोलन ने नरेंद्र मोदी और अमित शाह दोनों को ही परेशान कर दिया था। लेकिन वे बेहतरीन रणनीतिकार हैं। बिहार चुनाव में अपनी रणनीति की जीत का श्रेय अमित शाह जरूर लेंगे। अब उनका अगला ध्यान केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी के अगले विधानसभा चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करने पर है। बिहार चुनाव की हार से उचित सबक लेना और अप्रैल/मई 2026 में होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों के अगले दौर में चुनौती का सामना करने के लिए एकजुट होकर तैयारी करना, इंडिया ब्लॉक के लिए एक बड़ा काम है। अब केवल चार महीने बचे हैं। इसलिए इंडिया ब्लॉक के घटकों के पास समय नहीं बचा है, उन्हें संबंधित राज्यों में अपना काम शुरू कर देना चाहिए। भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विपक्षी सरकारों को गिराने की पूरी कोशिश करेगा। केरल में, मुकाबला माकपा के नेतृत्व वाले एलडीएफ और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ के बीच है, भाजपा ज्यादा से ज्यादा दो/तीन सीटें हासिल कर सकती है। नई सरकार का नेतृत्व इंडिया ब्लॉक के किसी भी सहयोगी, माकपा या कांग्रेस, द्वारा किया जाएगा। इसी तरह पश्चिम बंगाल में, ममता बनर्जी के रूप में, इंडिया ब्लॉक को एक राजनीतिक रणनीतिकार मिल गया है जो 2026 के विधानसभा चुनावों में राज्य स्तर पर भाजपा का मुकाबला कर सकता है। सभी संकेत यही बताते हैं कि गृह मंत्री अमित शाह चाहे जितने भी प्रयास करें, भाजपा संगठनात्मक रूप से बेहतर प्रदर्शन करने की स्थिति में नहीं है। इंडिया ब्लॉक के लिए, 2026 के विधानसभा चुनावों से ठीक पहले तमिलनाडु में हुए हालिया घटनाक्रमों से चिंतित होने का एक कारण जरूर है। फिल्म स्टार विजय हलचल मचा रहे हैं और उन्हें युवाओं और महिलाओं का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। उनकी राजनीतिक पार्टी ने अभी तक गठबंधन पर कोई रुख तय नहीं किया है। लेकिन अगर विजय, एआईएडीएमके-भाजपा गठबंधन के साथ हाथ मिलाते हैं, तो इससे स्टालिन के नेतृत्व वाली डीएमके और इंडिया ब्लॉक के घटकों, जो मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं, के लिए खतरा पैदा हो सकता है। 2025 में तमिलनाडु की राजनीतिक स्थिति 2021 के चुनावों से थोड़ी अलग है। डीएमके के नेतृत्व वाले मोर्चे को इस चुनौती को गंभीरता से लेना चाहिए। असम में, भाजपा को राज्य में सत्ता बरकरार रखने का भरोसा है। केंद्रीय पार्टी नेतृत्व को मुख्यमंत्री हिमंतविस्वा शर्मा की बंगाली भाषी मुसलमानों को असमिया भाषी मुसलमानों से अलग करने और असमिया हिंदुओं का समर्थन पाने के लिए हिंदुत्व की तर्ज पर प्रचार करने की रणनीति पर भरोसा है। असम में, आखिरकार इंडिया ब्लॉक पार्टियां 2026 के चुनावों के लिए कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में एक तरह की एकजुटता पर पहुंच गई हैं, जो असम में अग्रणी इंडिया ब्लॉक पार्टी है। असम में 35 प्रतिशत अल्पसंख्यक, मुख्यतः मुसलमान, हैं। एआईयूडीएफ लंबे समय से मुख्य रूप से बंगाली भाषी मुसलमानों के हितों की देखभाल करने वाली पार्टी है। कांग्रेस को इस पार्टी के साथ चुनावी मोर्चा बनाने में समस्या हो रही है। लेकिन अगरएआईयूडीएफ अलग से लड़ती है तो इससे कई निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा को मदद मिलेगी। कांग्रेस बिहार में एनडीए के साथ चिराग पासवान के रणनीतिक गठबंधन और इससे एनडीए को हुए लाभ से सबक ले सकती है। विपक्षी मोर्चा भाजपा विरोधी मतों को विभाजित न करने के उद्देश्य से चुनावी समझौता कर सकता है, भले ही एआईयूडीएफ को विपक्षी मोर्चे का हिस्सा न बनाया जाए। अगर इंडिया ब्लॉक असम में 2026 के चुनावों में भाजपा को हराना चाहता है, तो उन्हें भाजपा विरोधी मतों का कोई विभाजन नहीं करना होगा।

हर राज्य के चुनाव के लिए एक अलग चुनावी रणनीति की जरूरत होती है। केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के लिए चुनावी परिदृश्य तय हैं, लेकिन असम में यह अभी भी अस्थिर है। अभी तो बस एक कदम आगे बढ़ा है, असम में इंडिया ब्लॉक की अंतिम जीत के लिए कुछ और कदम उठाने की जरूरत है। दिल्ली के बाद 2025 में होने वाला एक और विधानसभा चुनाव भाजपा ने जीत लिया है।

# शेख हसीना को न्यायाधिकरण द्वारा मृत्युदंड दिए जाने के बाद बांग्लादेश में नई उथल-पुथल

नित्य चक्रवर्ती

**मुख्य** सलाहकार डॉ. मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार द्वारा गठित आईसीटी ने शेख हसीना पर दो अन्य मामलों में भी अभियोग लगाया। फैसला अपेक्षित ही था। शेख हसीना, जो पिछले साल 5 अगस्त की दोपहर से भारत में रह रही हैं, चुनौती देने के मूड में थीं। उन्होंने कहा कि न्यायाधिकरण में धांधली की गई थी। बांग्लादेश में सोमवार, 17 नवंबर को एक नई उथल-पुथल मच गई, जब बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने पूर्व बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना को पिछले साल के छात्र-नेतृत्व वाले आंदोलन, जिसके कारण 5 अगस्त, 2024 को उनकी अवामी लीग सरकार गिर गई थी, के दौरान किए गए 'मानवता के विरुद्ध अपराधों' के लिए मृत्युदंड की सजा सुनाई।

मुख्य सलाहकार डॉ. मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार द्वारा गठित आईसीटी ने शेख हसीना पर दो अन्य मामलों में भी अभियोग लगाया। फैसला अपेक्षित ही था। शेख हसीना, जो पिछले साल 5 अगस्त की दोपहर से भारत में रह रही हैं, चुनौती देने के मूड में थीं। उन्होंने कहा कि न्यायाधिकरण में धांधली की गई थी। उन्होंने हर आरोप का खंडन किया और अवामी लीग और खुद को अपना बचाव करने का उचित मौका न देने के लिए ट्रिब्यूनल की कड़ी आलोचना की। आक्रामक मुद्रा में, शेख हसीना ने अपने बयान में कहा, 'इस फैसले ने एक अनिर्वाचित सरकार, जिसके पास कोई लोकतांत्रिक जनादेश नहीं है, पर चरमपंथियों के निर्लज्ज और जानलेवा इरादे उजागर कर दिए हैं।' उन्होंने यूनुस सरकार पर यह आरोप भी लगाया कि वर्तमान प्रशासन के अंदर मौजूद इस्लामी चरमपंथी, जिनमें हिज्बुल्लाह ताहिर के नेता भी शामिल हैं, बांग्लादेश की धर्मनिरपेक्ष सरकार की मजबूत परंपरा को कमजोर करना चाहते हैं।' सोमवार का घटनाक्रम बांग्लादेश में फरवरी 2026 में होने वाले आम चुनावों से तीन महीने से भी कम समय पहले हुआ है। हालांकि, चुनाव आयोग द्वारा सटीक तारीख की



घोषणा जल्द ही की जाएगी, लेकिन अंतरिम सरकार प्रमुख ने पिछले गुरुवार को घोषणा की थी कि आम चुनाव और जुलाई चार्टर पर जनमत संग्रह, दोनों फरवरी में एक ही दिन होंगे। प्रतिबंधित अवामी लीग को छोड़कर सभी राजनीतिक दल चुनावी जंग में पूरी तरह से व्यस्त हैं क्योंकि सोमवार दोपहर यह फैसला आया।

दिन भर सुरक्षा स्थिति तनावपूर्ण रही क्योंकि अवामी लीग ने ढाका और अदालत के आसपास के इलाकों में तालाबंदी का आह्वान किया था। देश की राजधानी के सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर सेना की चौकियां तैनात की गईं। छिटपुट विस्फोट और बम हमले हुए। हसीना पिछले कुछ हफ्तों से सक्रिय हैं और सूत्रों के अनुसार, अवामी लीग के समर्थक, जिनमें पहले छिपे हुए नेता भी शामिल हैं, प्रदर्शनों और बंद में भाग लेने के लिए बाहर आ रहे हैं। ऐसा लगता है कि उन्होंने सार्वजनिक रूप से अपनी ताकत दिखाने का फैसला किया है। अवामी लीग के लिए, इस फैसले के बाद, उनके सदस्यों को नए हमलों का सामना करना पड़ेगा और उन्हें इस चुनौती का सामना करना होगा। परिणामस्वरूप, आने वाले कुछ हफ्ते तूफानी होने वाले हैं, हालांकि बीएनपी, जमात-ए-इस्लामी, एनसीपी और अन्य प्रमुख राजनीतिक दल अपने उम्मीदवार चुनने और चुनाव प्रचार में व्यस्त रहेंगे। एक निजी एजेंसी द्वारा आगामी चुनावों के बारे में हाल ही में किए गए एक जनमत सर्वेक्षण से पता चला है कि अवामी लीग को, समर्थन के बावजूद, बीएनपी से लगभग 20 प्रतिशत कम समर्थन प्राप्त है। अन्य पार्टियां उससे काफी नीचे हैं। इससे अवामी लीग समर्थकों का मनोबल बढ़ा है, लेकिन साथ ही, विभाजित लीग-विरोधी राजनीतिक दल भयभीत हो रहे हैं और अवामी लीग के किसी भी नए कदम के खिलाफ एक साझा रुख अपनाने की कोशिश कर रहे हैं। जमीनी स्तर पर जहां बांग्लादेश में स्थिति और भी उथल-पुथल भरी हो गई है, वहीं भारत, खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए यह चुनौती और भी कठिन हो गई है। शेख हसीना को मृत्युदंड के फैसले से निपटना और उन्हें भारतीय धरती से अपना चुनाव प्रचार जारी रखने की अनुमति देना, नरेंद्र मोदी के लिए सबसे बड़ी कूटनीतिक चुनौती होगी। शेख हसीना हाल के हफ्तों में यूनुस सरकार के खिलाफ प्रचार और बयानबाजी कर रही हैं। भारत सरकार के मौन समर्थन के बिना यह संभव नहीं हो सकता था। इससे पहले, बांग्लादेश सरकार ने कई बार भारत से अनुरोध किया था कि वह शेख हसीना को यूनुस सरकार के खिलाफ अपनी राजनीतिक कार्रवाइयों के लिए भारतीय धरती का इस्तेमाल न करने दे। लेकिन मोदी सरकार ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। अब हसीना का इस फैसले और आईसीटी के खिलाफ ताजा बयान दे रही हैं। भारत इस समय शेख हसीना को बांग्लादेश को नहीं सौंप सकता, हालांकि बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत पर शेख हसीना को बांग्लादेश को सौंपने के लिए अधिकतम कूटनीतिक दबाव डालेगा। पाकिस्तान और कुछ अन्य मुस्लिम देश इस मामले में बांग्लादेश का समर्थन कर सकते हैं। भारत को इस तरह के अंतरराष्ट्रीय दबाव के लिए तैयार रहना होगा। डॉ. यूनुस के लिए, यह अपनी कट्टर दुश्मन शेख हसीना से मुकाबला करने का एक सुनहरा अवसर है। वह शेख हसीना को भारत से निर्वासित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं हैं, हालांकि वह सार्वजनिक रूप से ऐसा नहीं दिखाते।

# सड़क पर निर्धारित गति सीमा में ही चलाए वाहन : डीएम

## श्री जी इण्टरनेशनल स्कूल में हुआ यातायात जागरूकता कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**




**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में शुक्रवार को यातायात माह के तहत खोह स्थित श्री जी इण्टरनेशनल स्कूल में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम-एसपी ने यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सावधानियाँ अपनाने को कहा। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट के प्रयोग, नाबालिगों द्वारा वाहन न चलाने, नशे की हालत में ड्राइविंग से बचने तथा सड़क पर निर्धारित गति सीमा का पालन करने जैसी आवश्यक बातें बताई गई। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने और अपने माता-पिता, परिवार व समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। इस दौरान बताया कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जीवन रक्षा का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि नाबालिगों द्वारा वाहन चलाना न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि दुर्घटना की गंभीर संभावना भी बढ़ाता है। नशे की हालत में वाहन चलाना सड़क पर स्वयं एवं दूसरों के लिए बड़ा खतरा है। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग एक सेकंड की चूक में जीवन-घातक दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है। ओवरस्पीडिंग उत्साह नहीं, बल्कि जीवन के लिए गंभीर जोखिम है। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से स्कूल के विद्यार्थियों ने यातायात जागरूकता का संदेश दिया। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर उत्साहवर्द्धन भी किया गया।

इस मौके विद्यालय संस्थापक डॉ सुरेन्द्र अग्रवाल, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी यातायात यामीन अहमद, विद्यालय प्रबंधक स्वप्निल अग्रवाल, डॉ सीताराम गुप्ता, विवेक अग्रवाल, पंकज कुमार अग्रवाल, प्रधानाचार्य प्रनय दत्तराज, गिरीश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# सफाई व्यवस्था दुरुस्त न होने से गंदगी से पटी नालियां

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** धर्मनगरी में सफाई व्यवस्था दुरुस्त न होने से परेशान नगरवासियों ने उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर सफाई अभियान चलवाने की मांग की। साथ ही स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान चलाने को कहा है।

चित्रकूट निवासी प्रज्ञा गुप्ता समेत तमाम लोगों ने उच्चाधिकारियों को भेजे पत्र में कहा है कि मध्य प्रदेश क्षेत्र में चित्रकूट नगर पंचायत के अंतर्गत स्फटिक शिला के समीप गंदगी का अंबार लगा रहता है। सफाई कर्मचारियों द्वारा न तो यहां की नालियां साफ की जाती है और न ही झाड़ू लगाया जाता है। इसके चलते गंदे पानी की निकासी नहीं हो पा रही है और मच्छरों के झुंड नगरवासियों के लिए मच्छरजनित रोगों का कारण बन रहे है। क्षेत्र में कूड़ेदान भी नहीं रखवाए गए हैं। इसके चलते लोग अपने घरों का कचरा सड़क पर फेंक देते है। जिससे दिन भर आवागमन करने वालों को गंदगी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में नगर पंचायत को धर्मनगरी चित्रकूट के प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त संख्या में कूड़ेदान लगवाने चाहिए। साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना चाहिए। जिससे चित्रकूट को स्वच्छ वातावरण और अच्छा पर्यावरणयुक्त माहौल प्राप्त होगा।

# जिला पंचायत ने प्रदान की 4,125.59 लाख के पुनरीक्षित बजट की स्वीकृति



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला पंचायत की बैठक में जिले के विकास कार्यों के लिए 4,125.59 लाख रुपये के पुनरीक्षित बजट की स्वीकृति प्रदान की। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने मानक के अनुरूप गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में निर्माण कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया।

जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 का पुनरीक्षित बजट 4,125.59 लाख रुपये एवं वित्तीय वर्ष 2026-27 का अनुमानित बजट 3,913.65 लाख रुपये की स्वीकृति सर्वसम्मति से प्रदान की गई। अपर मुख्य अधिकारी सुधीर कुमार ने बताया कि चित्रकूट जिला पंचायत की परिसम्पत्तियों को सुरक्षित किए जाने तथा विभिन्न स्थलों पर स्थित भूमि पर व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स, दुकानों, सामुदायिक केन्द्रों के निर्माण तथा पूर्व में निर्मित दुकानों, भवनों की मरम्मत किए जाने के प्रस्ताव को सर्मसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों पर विभव एवं सम्पत्ति कर का निर्धारण और वसूली के लिए विभव एवं सम्पत्ति कर की कर सूची को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही जिला पंचायत में प्रचलित उपविधि की लाइसेंस शुल्क की दरों एवं विलम्ब शुल्क में संशोधन के साथ नए व्यवसाय शामिल किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक में बताया गया कि सदर विधायक अनिल प्रधान द्वारा विधानसभा सत्र में सदर ब्लाक के गढ़ीघाट गांव के मजरा बरेदी पुरवा से गढ़ीघाट सांईपुर तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कराए जाने का विषय उठाया था, किंतु इस पर बोर्ड बैठक में आम सहमति नहीं बन सकी।

इस मौके पर पहाड़ी ब्लाक प्रमुख सुशील कुमार द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य अर्जुन प्रसाद शुक्ला, अनिल, विनीत द्विवेदी, उमाकांत त्रिपाठी, राजरानी, प्रेमचन्द्र वर्मा, दशरथ प्रजापति, जगदीश यादव, शिवऔतार त्रिपाठी, प्रेमा सिंह, संगीता देवी, मीरा भारती, अभियंता राकेश कुमार, वित्तीय परामर्श दाता नरेन्द्र कुमार, कार्य अधिकारी सुनील कुमार यादव, संतोष कुमार सैनी, प्रशासनिक अधिकारी इन्द्रपाल, अवर अभियंता विश्वजीत यादव, नागेश कुमार द्विवेदी, अजय कुमार अवस्थी, राकेष कुमार आदि मौजूद रहे।

# नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत सात माह में हुआ कुल 80293 लाभार्थियों का हुआ टीकाकरण

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत माह अप्रैल से अक्टूबर 2025 तक (कुल सात माह) में जनपद के कुल 80293 लाभार्थियों का टीकाकरण कराया गया। जिसके तहत बच्चो को काली खॉसी, गला घोटू, निमोनिया, पोलियो, हेपेटाइटिस, टीबी, टिटेनस, मिजिल्स रूबेला, दस्त सहित कुल 12 गम्भीर बीमारियो का टीका लगाया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग नगर एवं ग्रामीण स्तर पर सर्वे कार्य के बाद तैयार कार्य योजना के अनुसार टीकाकरण सत्र आयोजित करता है। इसके बाद आयोजित टीकाकरण सत्र में लाभार्थियो को लाने के लिए आशा, ऑगनवाड़ी कार्यकत्री को लगाया जाता है। टीकाकरण करने के पूर्व लाभार्थियो को टीकाकरण से सम्बन्धित समस्त जानकारी दो दिन पहले बुलावापर्ची के माध्यम से एवं ऑनलाइन यूविन पोर्टल के माध्यम से लाभार्थी के रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर भी प्राप्त करायी जाती है ताकि कोई भी लाभार्थी टीकाकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य से वंचित न हो और लाभार्थी को समस्त गम्भीर बीमारियों से बचाया जा सके तथा शासन की मंशानुसार जनपद के लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की जा सके। बताया कि विगत सात माह में कुल 15582 गर्भवती महिलाओं को टीडी-द्वितीय खुराक एवं बूस्टर खुरॉक, 0 से 01 वर्ष तक के 15313 बच्चों को एमआर की प्रथम खुरॉक, 01 वर्ष से ऊपर आयु के 14341 बच्चों को एमआर की द्वितीय खुरॉक एवं 35507 किशोर एवं किशोरियों को टीडी-10 एवं टीडी-16 की खुरॉक दी गई है।

बताया कि टीकाकरण के लिए कुल सात माह में 7953 टीकाकरण सत्र नगर एंव ग्रामीण स्तर पर आयोजित किये जा चुके है। इस प्रकार औसतन एक माह में लगभग 1100 टीकाकरण सत्र ब्लॉक चिकित्सा इकाईयों एवं शहरी इकाई पर कार्ययोजना तैयार कर एएनएम की संख्या के अनुसार आयोजित किये जा रहे है। इस दौरान ब्लॉक स्थित चिकित्सा इकाईयो में संचालित कोल्डचेन प्वांइट पर सभी प्रकार की वैक्सीन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहती है। जिसकी जानकारी इविन पोर्टल में कोल्डचेन मैनेजर द्वारा प्रतिदिन सत्र आयोजित होने के पूर्व भरी जा रही है। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2025-26 के विगत सात में ईकवच पोर्टल के अनुसार कुल 608577 आभा आईडी तैयार की गई है। साथ ही एचएमआईएस पोर्टल के अनुसार 16515 गर्भवती महिलाओं की खून की जॉच की गई है।

उन्होंने सभी जनपद वासियों से अनुरोध किया है कि टीकाकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत अपने बच्चो को जन्म के समय, एक वर्ष के भीतर एवं पांच वर्ष आयु की सभी प्रकार की वैक्सीन की बूस्टर खुरॉक दिलाये जाने में अपना सहयोग प्रदान करे ताकि बच्चो को कालीखॉसी, गलाघोटू, निमोनिया, पोलियो, हेपेटाइटिस, टीबी, जेई, टिटेनस, मिजिल्स रूबेला, दस्त सहित कुल 12 गम्भीर बीमारियो से बचाया जा सके।

# बैंकों में लावारिस पड़े 15 करोड़ के वारिसों की तलाश शुरू

**अखंड भारत संदेश**




**चित्रकूट।** जिला अग्रणी प्रबंधक अनुराग शर्मा ने बताया कि जिले के बैंकों के विभिन्न खातों में बरसों से लावारिस पड़े 15 करोड़ रुपये के असली वारिसों की तलाश के लिए भारत सरकार वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) द्वारा ह्यआपकी पूंजी-आपका अधिकारह्य अभियान शुरू किया गया है। जिसके क्रम में जनपद में भी बैंकों व वित्तीय संस्थानों के साथ आम जन मानस को जागरूक करने के लिए विकास भवन में अक्टूबर माह में कैम्प का आयोजन किया गया था। जिसमें कुछ दावेदारों को चिन्हित कर बैंकों व वित्तीय संस्थानों द्वारा भुगतान किया गया है।

बताया कि कुछ दावेदारों को बैंकों द्वारा भुगतान किए जाने के बावजूद अभी भी काफी तादाद में खातों के वारिसों से संपर्क नहीं हो पाया है, जिसका मुख्य कारण लावारिस धनराशि वाले खाताधारक की मृत्यु, रोजगार व नौकरी के चलते किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित हो जाने अथवा जमा की गयी धनराशि का भूल जाना है। बताया कि यदि 10 वर्ष तक अगर किसी खाते में लेन-देन नहीं किया जाता है, तो वह धनराशि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के डी.ई.ए. फण्ड में अंतरित हो जाती है। बताया कि जनपद के विभिन्न बैंकों में कुल 42,000 निष्क्रिय खातों में लगभग 15 करोड़ रुपए लावारिस पड़े हैं। इसके अलावा इतनी ही धनराशि म्युचुअल फंड, जनरल इंश्योरेंस, लाइफ इंश्योरेंस, पेंशन फंड, बीमा कंम्पनी आदि में पड़ी हैं, जिनके वारिसों की तलाश जारी है। बताया कि अभियान के तहत बैंकों की ओर से अनक्लेम्ड राशि जिन खातों में जमा है, उनकी सूची के आधार पर वारिसों से संपर्क का प्रयास हो रहा है। साथ ही कर्मचारियों को ग्राहकों के पते पर भी भेजा जा रहा है, तो कुछ लोग संबंधित पतों पर नहीं मिल रहे। इससे लावारिस धनराशि असली उत्तराधिकारी तक पहुंचाने में दिक्कत आ रही है। उन्होंने आम जनमानस से अपील की कि लावारिस खातों की पहचान में खातेधारकों के पते पर जाने वाले बैंक कर्मचारियों की मदद करते हुए आस पड़ोस के लोग जानकारी उपलब्ध कराएं ताकि धनराशि के असली वारिश तक पहुंचना आसान हो सकता है। बताया कि वारिसों की पहचान का कार्य आगामी 31 दिसंबर तक चलेगा। जिसके तहत बैंक व वित्तीय संस्थान अपने स्तर प्राप्त सूची के आधार पर अनक्लेम्ड राशि के वारिसों की तलाश कर रहे हैं। कहा कि ऐसे ग्राहक जिनको अंदेशा है कि उनके किसी संबंधी के खाते में अनक्लेम्ड राशि है, वह आर.बी.आई. के उद्यम पोर्टल पर जानकारी ले सकते हैं। पोर्टल पर अपने मोबाइल नंबर से यूजर आईडी व पासवर्ड बनाते हुए परिवार की बुनियादी जानकारी दर्ज कर विभिन्न बैंकों में लावारिस धनराशि तलाश सकते हैं तथा मिलान होने पर जरूरी दस्तावेज संग संबंधित बैंक की शाखा में दावा कर सकते हैं।

# कृषि विभाग द्वारा अनुदानित कृषि यंत्रों की ई-लॉटरी सम्पन्न

## चयनित किसानों के खिले चेहरे




**चित्रकूट।** कृषि विभाग द्वारा अनुदान पर कृषि यंत्रों के चयन के लिए शुक्रवार को विकास भवन में ई-लॉटरी की प्रक्रिया आयोजित की गई। सीडीओ अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में पारदर्शी लॉटरी में पांच कस्टम हायरिंग सेंटर, सुपर सीडर एवं छह एकल यंत्रों के लिए चयन किया गया। चयनित किसानों को तुरंत एसएमएस के माध्यम से सूचना मिली।

कृषि विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनुदान पर उपलब्ध कराए जाने वाले कृषि यंत्रों के चयन के लिए ई-लॉटरी की प्रक्रिया विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई। सीडीओ अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष यह लॉटरी पारदर्शी रूप से आयोजित की गई। सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजनांतर्गत कस्टम हायरिंग के लिए पांच लक्ष्यों के सापेक्ष कुल 60 किसान एवं एकल यंत्रों जैसे कल्टीवेटर, स्ट्रारीपर, चैपकटर, मिनी राइस मिल एवं ऑयल मिल विथ फिल्टर के लिए छह लक्ष्यों के सापेक्ष कुल 20 किसानों की बुकिंग हुई थी। जिसमें पांच कस्टम हायरिंग सेंटर और छह एकल यंत्र के लिए विभागीय पोर्टल पर ई-लॉटरी कराई गई। लॉटरी पूरी होने के तुरंत बाद चयनित किसानों को मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से सूचना प्राप्त हो गई। उप कृषि निदेशक राजकुमार ने कृषकों को यंत्र प्राप्ति की संपूर्ण प्रक्रिया विस्तार से समझाई। इस मौके पर जिला अग्रणी प्रबंधक अनुराग शर्मा, जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पाण्डेय, कृषि वैज्ञानिक गनींवा सीएम त्रिपाठी, कार्यालय सहायक अरुण कुमार, राघवेंद्र सिंह, अमर सिंह आदि मौजूद रहे।

# पुतिन-ली कियांग मुलाकातः व्यापार, कूटनीति में नई उड़ान

## दोनों देशों के बीच 'अभूतपूर्व' सहयोग



**रूस**

**रूसी** विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग की मुलाकात पर प्रकाश डाला और दोनों देशों के बीच साझेदारी के वर्तमान चरण को उनके इतिहास का सबसे मजबूत दौर बताया। इस बयान में राजनयिक, रणनीतिक और आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित चचाओं का रुख तय किया गया। 18 नवंबर को पुतिन और ली के बीच हुई बैठक ने इस बढ़ते जुड़ाव को रेखांकित किया। वार्ता के दौरान, पुतिन ने कहा शंघाई सहयोग संगठन के अंतर्गत रूस-चीन का घनिष्ठ सहयोग एससीओ को एक बहुध्रुवीय अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के स्तंभों में से एक के रूप में आकार देने, वैश्विक दक्षिण के देशों को अपनी परिधि में लाने और एक खुली एवं भेदभाव रहित वैश्विक व्यापार प्रणाली को आगे बढ़ाने में मदद कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि इस वर्ष एससीओ शासनाध्यक्षों की परिषद के स्तर पर किए गए प्रयास "हमारे चीनी मित्रों द्वारा अपनी अध्यक्षता के दौरान किए गए प्रयासों को स्वाभाविक रूप से पूरक बनाने में सक्षम रहे, जिसकी परिणति तियानजिन में शिखर सम्मेलन के रूप में सफलतापूर्वक हुई।

इसी कड़ी में, पुतिन ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ अपनी पिछली मुलाकातों को याद किया। उन्होंने कहा कि मुझे उस अद्भुत, खूबसूरत और आधुनिक चीनी शहर की अपनी यात्रा, साथ ही तियानजिन में और बाद में बीजिंग में सैन्यवादी जापान पर चीन की जीत और द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित स्मारक कार्यक्रमों के दौरान अपने मित्र राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हुई विस्तृत बातचीत की हार्दिक याद आती है। उन्होंने ली कियांग से चीन जनवादी गणराज्य के राष्ट्रपति को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ और हार्दिक अभिवादन" प्रेषित करने का भी अनुरोध किया। पुतिन ने संबंधों की रणनीतिक गहराई पर जोर देते हुए कहा कि साझेदारी और रणनीतिक बातचीत के व्यापक रूसी-चीनी संबंध, एक नए युग में प्रवेश कर चुके हैं और सचमुच अपने इतिहास के सर्वश्रेष्ठ दौर से गुजर रहे हैं।" उन्होंने कहा कि ये संबंध "समानता, पारस्परिक लाभ और एक-दूसरे के मूल हितों को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर आपसी समर्थन" पर आधारित हैं और किसी के विरुद्ध नहीं हैं।

आर्थिक संबंधों पर, पुतिन ने पिछले वर्ष हुई प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 2024 में हमने द्विपक्षीय व्यापार में रिकॉर्ड आँकड़े हासिल किए - जो हमारे संबंधों के इतिहास में सर्वोच्च स्तर पर है। उन्होंने आगे कहा कि हम अपनी स्वीकृत दीर्घकालिक योजनाओं के अनुरूप व्यापार सहयोग को मजबूत करना जारी रखेंगे। नकारात्मक बाहरी प्रभावों से हमारे व्यापार और आर्थिक सहयोग की विश्वसनीय सुरक्षा सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है।

## इमरान खान की बहनों से मारपीट, जेल के बाहर से घसीटा

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** के पूर्व प्रधानमंत्री की बहनों के साथ रावलपिंडी की अदियाला जेल के बाहर पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने का आरोप लगा है। इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने दावा किया कि अलीमा खान, नोरीन नियाजी और डॉ. उजमा खान मंगलवार देर रात खान से मिलने पहुंची थीं, लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया गया और पुलिस ने उन्हें हिंसक तरीके से हिरासत में ले लिया। पीटीआई ने बताया कि तीनों बहनें जेल के बाहर 'शांति से बैठी' थीं, तभी महिला पुलिसकर्मियों ने उनके साथ धक्का-मुक्की, बाल खींचने और जमीन पर गिराने जैसी हरकतें कीं। नोरीन ने कहा कि उन्हें समझ नहीं आया कि अचानक क्या हुआ, जबकि अलीमा का आरोप है कि पुलिस उन्हें सड़क पर घसीट रही थी। पार्टी के अनुसार, मुलाकात का कोर्ट द्वारा तय हक अब इमरान खान के परिवार और समर्थकों के खिलाफ हिंसा और उत्पीड़न का जरिया बन गया है।

## पाकिस्तान ने उठाया चौंकाने वाला कदम, रक्षा बजट को 50 अरब बढ़ाया

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** सरकार ने अपनी सुरक्षा और ऊर्जा रणनीति को नया आयाम देते हुए दो बड़े फैसले लिए हैं। एक ओर आर्थिक समन्वय समिति (ECC) ने अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा, नौसैनिक ठिकानों के उन्नयन और चीनझ्रपाकिस्तान आर्थिक गलियारे (CPEC) की सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए PKR 50 अरब (लगभग ?1,576 करोड़) के अतिरिक्त रक्षा बजट को मंजूरी दी है। दूसरी ओर, राज्य-स्वामित्व वाली कंपनी पाकिस्तान पेट्रोलियम लिमिटेड (PPL) ने सिंध तट से 30 किलोमीटर दूर समुद्र में कृत्रिम ड्रिलिंग द्वीप तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, ताकि ऑफशोर तेल और गैस खोज में तेजी लाई जा सके। हम आपको बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पाकिस्तान में ह्वविशाल तेल भंडारह्व होने के दावे के बाद ऊर्जा क्षेत्र में सरकार की अपेक्षाएँ और



महत्वाकांक्षाएँ बढ़ी हैं। देखा जाये तो पाकिस्तान इन दिनों आर्थिक संकट, बढ़ती महंगाई, राजनीतिक अस्थिरता और सुरक्षा चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे समय में रक्षा बजट में अचानक ढङ्ख 50 अरब की बढ़ोतरी और साथ-साथ ऑफशोर ऊर्जा खोज को अभूतपूर्व गति देना, इस बात का संकेत है कि इस्लामाबाद अपनी रणनीतिक प्राथमिकताओं को दो दिशा में मोड़ रहा है– सुरक्षा का कठोर सुदृढ़ीकरण और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की आक्रामक खोज। दोनों कदम तत्कालीन आर्थिक दबावों से विपरीत दिशा में जाते दिखते हैं, लेकिन पाकिस्तान की रणनीतिक सोच इससे एक बड़ा संदेश भी देती है। हम आपको बता दें कि पाकिस्तान के रक्षा बजट में यह अतिरिक्त राशि पहले से ही घोषित 2,550 अरब रक्षा बजट के ऊपर है। दरअसल पाकिस्तान सीमा सुरक्षा और तस्करी रोकने के लिए अफगानिस्तानझ्रईरान सीमा पर नई फेंसिंग करना चाहता है साथ ही दक्षिण और उत्तर के स्पेशल सिक्योरिटी डिविजन (SSD) को बड़ा आवंटन करना चाहता है।

## ऐसी शाही शादी, शामिल होने के लिए पहुंचे ट्रंप जूनियर, ताजमहल का करेंगे दीदार

**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बेटे ट्रंप जूनियर गुरुवार को आगरा में ताजमहल देखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ताजमहल जाने से पहले उनका एक निजी विमान से आगरा के खेरिया हवाई अड्डे पर उतरना तय था। 17वीं सदी के इस अद्भुत स्मारक के दौरे के दौरान लगभग 40 देशों के 126 विशिष्ट अतिथि उनके साथ होंगे। इस हाई-प्रोफाइल यात्रा को देखते हुए, स्थानीय अधिकारियों ने सुचारू और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने




के लिए तैयारियाँ तेज कर दी हैं। अधिकारियों ने बताया कि शहर के प्रमुख स्थानों पर लगभग 200 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है और सुरक्षा व्यवस्था में एसीपी और एडीसी रैंक के अधिकारी शामिल हैं, जो भीड़ प्रबंधन और मार्ग सुरक्षा की निगरानी करेंगे।

यह यात्रा ट्रम्प जूनियर की दूसरी भारत यात्रा है, इससे पहले उनकी पिछली यात्रा फरवरी 2018 में हुई थी, जिसमें उन्होंने नई दिल्ली, मुंबई, पुणे और कोलकाता की यात्रा की थी। आगरा यात्रा के बाद, ट्रम्प जूनियर इस सप्ताह के अंत में एक भारतीय-अमेरिकी जोड़े की डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए उदयपुर जा सकते हैं। राजस्थान पुलिस के सूत्रों ने बताया कि उनके संभावित आगमन से पहले, एक अमेरिकी सुरक्षा एजेंसी की टीम उदयपुर पहुँच चुकी है ।

## भारत फिर घर में घुसकर मारेगा...

**पाकिस्तान**

माउंटेन ड्यू की पंच लाइन है डर सबको लगता है, गला सबका सूखता है। लेकिन इन दिनों भारत के पड़ोसी मुल्क का गला सूख रहा है और वो कह भी नहीं पा रहा है कि डर के आगे जीत है। भारतीय आर्मी के शौर्य और पराक्रम की सैकड़ों कहानियां दुनिया जानती है। वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान की आर्मी जिसने आज तक अपने इतिहास में एक भी युद्ध नहीं जीत पाने का अनोखा रिकॉर्ड बना रखा है। लेकिन भारतीय सेना के प्रमुख के तरफ से बीते दिनों ऐसा कुछ कह दिया गया है जिसने पाकिस्तान की रातों की नींद और दिन का चैन छीन रखा है। वो कहने लगा हैकि भारत फिर से हमें घर में घुसकर मार सकता है। जैसा की पहलगाम के आतंकी कुकृत्य के बाद भारत ने करके भी दिखाया था। पाकिस्तान की जबरदस्त पिटाई की थी कि उसे हथियार डाल सीजफायर की गुजारिश करनी पड़ी थी। अब जनरल द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की क्षमता का सिर्फ एक झलक था। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर 88 घंटे में खत्म हुआ... यह तो बस एक ट्रेलर था। अगर पाकिस्तान मौका देगा, तो हम उसे सिखाएंगे कि पड़ोसी देश से कैसे जिम्मेदारी से व्यवहार किया जाता है।' 'हम हर परिस्थिति के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

इतना कहना भर था कि पाकिस्तान के होश उड़ने लगे। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने दावा किया है कि भारत फिर से पाकिस्तान पर हमला कर सकता है। आसिफ ने कहा, पाकिस्तान भारत के आर्मी चीफ के बयान को खारिज नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारत सीमा के पार स्ट्राइक कर सकता है। भारत के आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर केवल एक ट्रेलर था और यह एपिसोड रर घंटे बाद खत्म हो गया।

## तनाव ..हिंसा..एयरपोर्ट के पास कर्फ्यू, नेपाल में दोबारा भड़क उठा Gen-Z आंदोलन

**नेपाल**

**नेपाल** में बुधवार को जेन-जी और पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली की पार्टी सीपीएन-यूएमएल समर्थकों के बीच झड़प हो गई। सीपीएन-यूएमएल महासचिव शंकर पोखरेल और महेश बस्नेत रैली के लिए सिमरा आने वाले थे, जिसके विरोध में बड़ी संख्या में जेन-जी एयरपोर्ट पर जुट गए और नारेबाजी शुरू कर दी। प्रशासन ने एयरपोर्ट के 500 मीटर में कर्फ्यू लगा दिया। झड़प के कारण सिमरा की सभी उड़ानें दिनभर के लिए रद्द कर दी। देश के बारा ज़िले में, जहाँ जेन जेड के सदस्यों की अपदस्थ पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी - एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) के समर्थकों के साथ झड़प हुई थी, वहाँ लोगों के इकट्ठा होने पर प्रतिबंध




लगा दिया गया है। जिला प्रशासन ने व्यवस्था बहाल करने की आवश्यकता का हवाला देते हुए कहा कि कर्फ्यू गुरुवार रात 8 बजे (स्थानीय समय) तक लागू रहेगा। स्थिति तब बिगड़ गई जब युवा प्रदर्शनकारियों और सीपीएन-यूएमएल कार्यकताओं ने बारा ज़िले के सिमारा इलाके में रैलियाँ निकालीं। जल्द ही, दोनों समूहों के बीच झड़पें शुरू हो गईं, जिनमें से कुछ हवाई अड्डे के पास भी थीं, जिसके बाद अधिकारियों को कर्फ्यू लगाना पड़ा। नेपाल पुलिस प्रवक्ता अबी नारायण काफले ने गुरुवार को समाचार एजेंसी एएफपी को बताया, स्थिति सामान्य है... कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है। इस बीच, नेपाल की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने शांति की अपील की है।

पूर्व मुख्य न्यायाधीश, जिन्हें सितंबर के विद्रोह के बाद अंतरिम प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया था। अवांछित राजनीतिक उकसावे से बचने और 5 मार्च, 2026 को होने वाले चुनावों से पहले लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर भरोसा रखने का आह्वान किया।

## 350% टैरिफ, ट्रंप ने अब पीएम मोदी का नाम लेकर क्या नया दावा कर दिया?

**अमेरिकी**

**एक** नया दिन, एक और वैश्विक मंच, और भारत-पाकिस्तान संघर्ष पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एक और नया दावा। इस बार, अमेरिका-सऊदी निवेश मंच में बोलते हुए, ट्रंप ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से फोन करके बताया कि भारत पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध नहीं करेगा, जबकि उन्होंने दोनों पक्षों पर 350% टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। 10 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम समझौते के बाद से, ट्रंप 60 से ज्यादा बार दावा कर चुके हैं कि उन्होंने दोनों परमाणु संपन्न देशों के बीच युद्धविराम करवाया और चेतावनी दी कि अगर वे ऐसा




नहीं करते हैं तो उन पर भारी टैरिफ लगाया जाएगा। हालाँकि, भारत का कहना है कि युद्धविराम सीधे पाकिस्तान के साथ मिलकर किया गया था। पिछले कुछ महीनों में, ट्रंप का बयान एक जैसा ही रहा है, हालाँकि टैरिफ की राशि 200% से लेकर अब 350% तक बदलती रही है। इस बार, अपने अतिरंजित दावों के लिए जाने जाने वाले ट्रंप ने युद्धविराम समझौते से पहले के आखिरी घंटों में जो कुछ हुआ, उसका विस्तृत विवरण दिया।

फोरम में बोलते हुए, जिसमें सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान भी शामिल हुए, ट्रम्प ने दावा किया कि उन्होंने देशों से कहा कि वे संघर्ष जारी रख सकते हैं, लेकिन वह प्रत्येक देश पर 350% टैरिफ लगाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और पाकिस्तान, दोनों ने उनसे ऐसा न करने को कहा था। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने उनसे कहा था मैं ऐसा करूँगा। मेरे पास वापस आओ और मैं इसे नष्ट कर दूँगा। लेकिन मैं यह नहीं चाहूँगा कि तुम लोग एक-दूसरे पर परमाणु हथियार चलाओ, लाखों लोगों को मार डालो और लॉस एंजिल्स पर परमाणु धूल उड़ती रहे। ट्रंप ने कहा कि वह दोनों देशों पर 350% कर लगाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और उन्होंने वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट को भी इस बारे में सूचित कर दिया है।

## गाजा पर IDF का भीषण अटैक Hamas के कई ठिकानों पर हाहाकार

**इजराइल**

**इजराइली** विमानों ने गुरुवार को दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा शहर के पूर्वी इलाकों पर हवाई हमले किए। अल जजीरा ने खान यूनिस के पूर्व में, पीली रेखा के पीछे, अबासन शहर की ओर इजराइली हेलीकॉप्टरों से गोलाबारी और गोलीबारी की खबर दी है।

19 नवंबर को खान यूनिस के पश्चिम में अल-मवासी स्थित वठहफ्ख्र के एक क्लब पर हुए इजराइली हमले के बाद फिलिस्तीनी मीडिया ने घायलों और मौतों की खबरें दीं। बदर



तबाश द्वारा फिल्माए गए इस वीडियो में हमले वाली जगह पर भीड़ और एक एम्बुलेंस दिखाई दे रही है। इसमें एक अन्य एम्बुलेंस में एक शव का बैग रखा हुआ भी दिखाई दे रहा है। तबाश ने बताया कि हमले में वठहफ्ख्र क्षेत्र में एक तंबू भी शामिल था।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
**प्रबन्धक**
अनूप मिश्रा
**ऑफिस मो.:**
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

## मोदी चले विदेश, ट्रंप ने फंसाया पेंच, G20 Summit में पीएम के एजेंडे पर दुनिया की नजर, Trump की अनुपस्थिति में कौन थामेगा G20 Baton?

**अमेरिका**

**इस** बार का जी20 सम्मेलन कई दृष्टियों से ऐतिहासिक है। पहली बार अफ्रीकी धरती पर यह वैश्विक मंच एकत्र हो रहा है और यह केवल भौगोलिक नहीं, बल्कि वैचारिक परिवर्तन का भी प्रतीक है। ह्वग्लोबल साउथह्व के देशों की लगातार चौथी मेजबानी यह संकेत दे रही है कि विश्व राजनीति और अर्थव्यवस्था का केंद्र धीरे-धीरे उत्तर से दक्षिण की ओर खिसक रहा है। दक्षिण अफ्रीका का जोहानिसबर्ग न केवल एक मेजबान शहर है, बल्कि उभरती विश्व व्यवस्था का मंच भी बन गया है।

दूसरी ओर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दक्षिण अफ्रीका पर तमाम आरोप लगाते हुए वहां हो रहे जी-20 सम्मेलन के बहिष्कार की घोषणा कर चुके हैं। देखा जाये तो यह अमेरिकी विदेश नीति की उस प्रवृत्ति का हिस्सा है जिसमें वैश्विक संस्थाओं से दूरी और ह्वअमेरिका फर्स्टह्व की नीति प्राथमिकता पर है। यह भी खबरें हैं कि अमेरिका अन्य सदस्य देशों पर दबाव डाल रहा है कि वह सम्मेलन के घोषणापत्र पर हस्ताक्षर न करें। यदि ऐसा हुआ तो यह न केवल जीझ्र20 की सामूहिकता की भावना को कमजोर करेगा बल्कि अगले वर्ष जब अमेरिका खुद अध्यक्षता संभालेगा, तब उसके लिए नैतिक आधार भी कमजोर हो




जाएगा।

यह प्रश्न अब महत्वपूर्ण हो गया है कि जब अमेरिका सम्मेलन में मौजूद ही नहीं होगा तो दक्षिण अफ्रीका जीझ्र20 की ह्वबैटनह्व किसे सौंपेगा? परंपरागत रूप से यह कार्य अध्यक्ष देश की ओर से अगले मेजबान को प्रतीकात्मक रूप में दिया जाता है। इसलिए यह स्थिति अभूतपूर्व है और दक्षिण अफ्रीका के लिए एक राजनयिक चुनौती भी है।

हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस सम्मेलन में भाग लेने जा रहे हैं। अमेरिका की अनुपस्थिति भारत के लिए एक अनूठा अवसर लेकर आई है। 2023 में भारत ने जी 20 की सफल मेजबानी करके न केवल संगठन की दिशा तय की थी बल्कि एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य का जो आदर्श प्रस्तुत किया, वह आज पूरी दुनिया की आवाज बन चुका है। अब दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता में भारत उस सततता को आगे बढ़ा सकता है।

हम आपको बता दें कि भारतीय विदेश मंत्रालय ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए स्पष्ट किया है कि वह सभी तीन सत्रों को संबोधित करेंगे– जिनके विषय हैं समावेशी और सतत आर्थिक वृद्धि, आपदा जोखिम न्यूनीकरण और जलवायु परिवर्तन, तथा न्यायपूर्ण और संतुलित भविष्य। ये तीनों ही विषय भारत की नीतिगत प्राथमिकताओं से मेल खाते हैं।

हम आपको याद दिला दें कि भारत ने अपनी अध्यक्षता के दौरान आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्य समूह की स्थापना की थी।